संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।




पूर्णिया , सोमवार 13 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 365



# नहीं रही सुरों की मल्लिका आशा भोसले, देशभर में शोक की लहर

जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनका निधन हो गया



आठ दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाली महान पार्श्व गायिका को आज नम आंखों से विदाई, शिवाजी पार्क में होगा अंतिम संस्कार

**मुंबई/नई दिल्ली,** (हि.स.)।: भारतीय संगीत जगत की महानतम पार्श्व गायिकाओं में शुमार आशा भोसले का रविवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका इलाज चल रहा था।

उनके पुत्र आनंद भोसले ने उनके निधन की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार, उन्हें अत्यधिक थकान, सीने में संक्रमण और बाद में दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उनकी हालत लगातार गंभीर होती चली गई। रविवार दोपहर वेंटिलेटर पर उनकी जीवन यात्रा समाप्त हो गई।

**करियर की शुरुआत से पहचान तक**: आशा भोसले का पहला गीत मराठी फिल्म ‘माझा बाई’ (1943) का “चला चला नव बाला” था, जिसका संगीत दत्ता दावजेकर ने दिया थाउन्होंने 1948 में हिंदी फिल्म ‘चुनरिया’ के लिए “सावन आया” गाकर हिंदी सिनेमा में कदम रखा। उनका पहला एकल हिंदी गीत 1949 में फिल्म ‘रात की रानी’ में था।

1950 के दशक में उन्होंने अनेक कम बजट फिल्मों में गाने गाए, लेकिन धीरे-धीरे ‘परिणीता’ (1953), ‘बूट पॉलिश’ (1954), ‘सीआईडी’ (1956) और ‘नया दौर’ (1957) जैसी फिल्मों से उन्हें पहचान मिलने लगी।

**दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित।**

**अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की पूरी जानकारी**: : परिवार के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर सोमवार सुबह 11 बजे मुंबई के लोअर परेल स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे दादर स्थित शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इसी स्थान पर उनकी बहन, स्वर कोकिला लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था।

**जन्म, परिवार और शुरुआती संघर्ष**: 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली रियासत में जन्मी आशा भोसले, महान शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं। उनकी माता शेवंती थीं।महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन के बाद परिवार पुणे से कोल्हापुर और फिर मुंबई आ गया। परिवार के भरण-पोषण के लिए आशा भोसले और उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर ने फिल्मों में गाना और अभिनय शुरू किया।

**सचिन देव बर्मन, रवि और अन्य संगीतकारों के साथ काम**: उन्होंने सचिन देव बर्मन के साथ ‘काला पानी’, ‘बंदिनी’ और ‘ज्वेल थीफ’ जैसी फिल्मों में काम किया। संगीतकार रवि के साथ “चंदा मामा दूर के” और “तोरा मन दर्पण” जैसे गीत अमर हो गए।

**ओ.पी. नैय्यर और सफलता का दौर**: संगीतकार ओ.पी. नैय्यर ने आशा भोसले को नई पहचान दिलाई। “आइए मेहरबान”, “ये है रेशमी जुल्फों का अंधेरा”, “आओ हुजूर तुमको”, “जाइए आप कहां” जैसे गीत सुपरहिट रहे।

मोहम्मद रफी के साथ उनके युगल गीत “उड़े जब-जब जुल्फें तेरी”, “दीवाना हुआ बादल” और “इशारों इशारों में” आज भी लोकप्रिय हैं।

**राहुल देव बर्मन के साथ सुनहरा दौर**:संगीतकार राहुल देव बर्मन (पंचम) के साथ उनकी जोड़ी ने संगीत को नई ऊंचाइयां दीं। ‘तीसरी मंजिल’ (1966) के “आजा आजा”, “ओ हसीना जुल्फोंवाली”, “ओ मेरे सोना रे” जैसे गीतों ने उन्हें नई पहचान दी।

इसके बाद “पिया तू अब तो आजा”, “दम मारो दम”, “चुरा लिया है तुमने”, “ये मेरा दिल” जैसे गीतों ने उन्हें पॉप और कैबरे शैली की अग्रणी गायिका बना दिया।

**निजी जीवन का संघर्ष**

कम उम्र में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जो सफल नहीं रहा। पति द्वारा घर से निकाले जाने के बाद उन्होंने बच्चों की जिम्मेदारी संभाली और संघर्ष करते हुए करियर जारी रखा।

बाद में उन्होंने राहुल देव बर्मन से विवाह किया, जिन्होंने उनके जीवन और करियर दोनों को नई दिशा दी।

**1990 के बाद नई पारी और ए.आर. रहमान के साथ काम**

लंबे अंतराल के बाद उन्होंने ए.आर. रहमान के साथ फिल्म ‘रंगीला’ (1994) में “तन्हा तन्हा” और “रंगीला रे” जैसे गीत गाकर शानदार वापसी की।इसके अलावा “राधा कैसे ना जले” (लगान), “मुझे रंग दे” (तक्षक), “कहीं आग लगे” (ताल) जैसे गीत भी बेहद

**बहुआयामी व्यक्तित्व**

गायन के अलावा आशा भोसले को खाना बनाने का शौक था। उन्होंने दुबई, कुवैत, दोहा और अन्य देशों में अपने रेस्तरां स्थापित किए। उन्होंने 2012 में रियलिटी शो में जज की भूमिका निभाई और 2013 में फिल्म ‘माई’ से अभिनय की शुरुआत की। 2020 में उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया।

**रिकॉर्ड, पुरस्कार और सम्मान**

आशा भोसले ने अपने करियर में 12,000 से अधिक गीत गाए और तीन पीढ़ियों की अभिनेत्रियों को अपनी आवाज दी।उन्हें 9 फिल्मफेयर पुरस्कार (7 सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका), दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, वर्ष 2000 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उनका नाम सबसे अधिक स्टूडियो रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में दर्ज है। उन्हें महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी मिले।

**एक युग का अंत**: आशा भोसले के निधन से भारतीय संगीत जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनकी आवाज, उनकी शैली और उनके गीत हमेशा अमर रहेंगे।सच कहा जाए तो, उनके जाने से सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि भारतीय संगीत का एक पूरा युग समाप्त हो गया।











## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर जताया शोक

देश की महान पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय संगीत जगत में एक अपूरणीय शून्य पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की मधुर और सदाबहार आवाज ने दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों को छुआ और उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उनकी बेमिसाल आवाज और संगीत की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आशा भोसले ने विभिन्न भाषाओं में गायन कर भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई और सिनेमा को समृद्ध किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका असाधारण संगीतमय सफर देश की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊंचाइयों तक ले गया। गृह मंत्री अमित शाह ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हर शैली के संगीत में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी आवाज और योगदान सदैव अमर रहेंगे।

-----------------

## आशा भोसले के निधन को दिल्ली विस अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने शोक जताया

आशा भोसले के निधन पर दिल्ली के शीर्ष नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। 92 वर्ष की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनका निधन भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई मंत्रियों ने कहा कि आशा भोसले ने अपने लंबे करियर में हजारों गीतों के माध्यम से संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी बहुआयामी आवाज ने पीढ़ियों को जोड़ा और भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया।

नेताओं ने अपने संदेशों में कहा कि उनका निधन एक स्वर्णिम युग के अंत जैसा है, लेकिन उनकी अमर धरोहर और सुरों की साधना आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

-----------------

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , सोमवार 13 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 365

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।




# पश्चिम बंगाल चुनाव : तृणमूल का जाना तय, बंगाल में बदलाव की लहर : प्रधानमंत्री

## सिलीगुड़ी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से किया बदलाव का आह्वान

**सिलीगुड़ी,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिलीगुड़ी के कावाखाली मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया और राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।

**भारी भीड़ के बीच ऐतिहासिक रैली:** कड़ी धूप के बावजूद रैली स्थल पर भारी जनसैलाब उमड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी भीड़ उन्होंने बहुत कम स्थानों पर देखी है। उन्होंने इसे जनता के बदलाव की मजबूत इच्छा का संकेत बताया और



कहा कि पश्चिम बंगाल में परिवर्तन अब तय है।

**ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला।:** प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले वर्षों में राज्य में विकास की जगह ठहराव और अव्यवस्था बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता अब इस शासन से परेशान हो चुकी है और बदलाव चाहती है।

**भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति का आरोप:** नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर "सिंडिकेट और कटमनी संस्कृति" को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार राज्य के प्रशासन में गहराई तक फैल चुका है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर विकास का वादा:** प्रधानमंत्री ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है तो क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**चुनावी संदेश और सत्ता परिवर्तन का दावा:** सभा के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 4 मई के बाद पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनेगी और बड़ा राजनीतिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर राज्य के भविष्य को बदलने की अपील की।

### प्रधानमंत्री आज 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को करेंगे संबोधित, महिला नेतृत्व पर जोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह लगभग 11 बजे शुरू होगा। इस सम्मेलन में सरकार, शिक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख महिला हस्तियां और उपलब्धि प्राप्तकर्ता शामिल होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विकास में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को मजबूत करना और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। पीएमओ के अनुसार यह सम्मेलन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में महिला नेतृत्व वाले विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पारित किया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को राज्य में करेंगे 28वां दौरा, कई परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड में दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस-वे और टिहरी में 1000 मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। इस एक्सप्रेस-वे से दिल्ली और देहरादून के बीच सफर लगभग ढाई घंटे का रह जाएगा, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और व्यापार को नई गति मिलेगी। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे में वाइल्डलाइफ कॉरिडोर, सुरंगें और आधुनिक संरचनाएं शामिल हैं। टिहरी परियोजना को ऊर्जा क्षेत्र में मील का पत्थर माना जा रहा है, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे उत्तराखंड के विकास में ऐतिहासिक कदम बताया है। प्रधानमंत्री का यह दौरा राज्य में विकास और पर्यटन को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

----------------

## बिहार में मुख्यमंत्री पद को लेकर सरगर्मियां तेज, भाजपा ने शिवराज को बनाया पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर हलचल तेज हो गई है।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में विधायक दल के नए नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि शिवराज सिंह चौहान जल्द ही पटना पहुंचकर भाजपा विधायक दल की बैठक



की अध्यक्षता करेंगे। उनके मार्गदर्शन में नए नेता के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। पार्टी ने उनके अनुभव और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी है।

इसी बीच मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा और जदयू विधायकों की बैठक भी बुलाई गई है। माना जा रहा है कि नीतीश कुमार सोमवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल चुनाव : एआई वीडियो विवाद पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पलटवार

**बांकुड़ा,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में एआई से कथित फर्जी वीडियो को लेकर विवाद तेज हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओंदा में चुनावी सभा के दौरान बिना नाम लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग वीडियो की सत्यता पर सवाल उठाकर राजनीतिक माहौल को प्रभावित कर रहे हैं।

**हुमायूं कबीर के बयान से बढ़ी उलझन:** हुमायूं कबीर ने पहले वीडियो को एआई

### हुमायूं कबीर से जुड़े वीडियो पर बवाल:



जनरेटेड बताया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने बयान में बदलाव करते हुए कहा कि यह वीडियो 51 मिनट से अधिक लंबा है और पूरा वीडियो जारी किया जाएगा। इससे विवाद और गहरा गया है तथा राजनीतिक हलकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

**एनआरसी और महिला सुरक्षा पर भी बयान:** ममता बनर्जी ने एनआरसी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे आम लोगों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने समर्थकों से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही केंद्रीय बलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

यह पूरा विवाद तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी 19 मिनट के वीडियो से जुड़ा है, जिसमें हुमायूं कबीर और भाजपा के बीच कथित समझौते का दावा किया गया है। वीडियो में 1000 करोड़ रुपये की मांग और बदले में राजनीतिक समर्थन देने की बात कही गई थी, जिसे भाजपा ने खारिज किया है।

## सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले का निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति: नीतीश कुमार





**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व० आशा भोसले प्रख्यात पार्श्व गायिका थीं। उन्हें पद्म विभूषण तथा दादा साहब फाल्के जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी। उनका जाना भारतीय संगीत के एक युग का अंत है। उनका निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति है।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पटना-पुणे एक्सप्रेस से मुस्लिम बच्चों की तस्करी मामले में आठ तस्कर गिरफ्तार



**कटनी,** (हि.स.) मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई में पटना–पुणे एक्सप्रेस से 165 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। ये बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में बिहार के अररिया से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सद्दाम हुसैन और अमानुल्लाह समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर बच्चों की तस्करी के आरोप में मामला दर्ज किया है।

सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही ट्रेन कटनी स्टेशन पर पहुंची, टीम ने प्लेटफॉर्म पर घेराबंदी कर दी और एस-1, एस-2, एस-3, एस-4 और एस-7 कोच में सवार सभी बच्चों को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बच्चों की उम्र 7 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है और अधिकांश बच्चे बिहार के विभिन्न जिलों के निवासी हैं।

रेस्क्यू के बाद 84 बच्चों को जबलपुर के बाल गृह भेजा गया, जबकि 81 बच्चों को कटनी के बाल गृह में रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी बच्चों के लिए भोजन, स्वास्थ्य जांच और काउंसलिंग की समुचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सभी बच्चों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने दावा किया कि बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर स्थित एक मदरसे में पढ़ाई के लिए ले जाया जा रहा था। हालांकि, प्रशासन को आशंका है कि बच्चों को मजदूरी या अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में लगाया जा सकता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और बच्चों के परिजनों से संपर्क स्थापित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## देश में पेटेंट आवेदनों की संख्या 2025-26 में 30.2 फीसदी बढ़कर हुई 1.43 लाख: गोयल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि देश में पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। यह वृद्धि सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्रणाली को मजबूत करने के प्रयासों का परिणाम है।

**पेटेंट आवेदनों में रिकॉर्ड वृद्धि** मंत्री ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह संख्या 1,10,375 से बढ़कर ऐतिहासिक स्तर पर पहुंची है। इसमें 69 प्रतिशत से अधिक



आवेदन घरेलू नवोन्मेषकों द्वारा किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रमुख राज्य रहे हैं।

**सरकार की पहल और वैश्विक स्थिति:** सरकार ने स्टार्टअप, एमएसएमई और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शुल्क में छूट, तेज जांच प्रक्रिया और निःशुल्क सुविधा जैसी योजनाएं लागू की हैं। भारत अब पेटेंट दाखिल करने में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश बन गया है।

**लगातार बढ़ता नवाचार**

आंकड़ों के अनुसार 2016-17 से पेटेंट आवेदनों में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। उस समय यह संख्या 45,444 थी, जो अब कई गुना बढ़ चुकी है।

## अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों को भारत ने बताया शरारतपूर्ण और तथ्यहीन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**■ भारत ने कहा कि ऐसे कदम झूठे दावों और मनगढ़ंत नैरेटिव को बढ़ावा देते हैं।**

-----------------

भारत ने चीन द्वारा भारतीय क्षेत्रों को कथित तौर पर नए नाम दिए जाने की कोशिशों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने इसे शरारतपूर्ण और तथ्यहीन बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन की ओर से भारत के हिस्से वाले क्षेत्रों को काल्पनिक नाम देने के प्रयास स्वीकार्य नहीं हैं। इस तरह के




कदमों का कोई आधार नहीं है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये सभी क्षेत्र भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। ये पहले भी भारत का हिस्सा थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि चीन की ऐसी हरकतें झूठे दावे और मनगढ़ंत नैरेटिव को बढ़ावा देती हैं। इससे जमीनी सच्चाई नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को प्रभावित करती है। उन्होंने चीन से अपील की कि वह ऐसे कदमों से बचे, जो द्विपक्षीय संबंधों में नकारात्मकता लाते हैं और आपसी समझ को कमजोर करते हैं।

## बेंगलुरु और मुंबई के बीच शुरू होगी नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने को मंजूरी दे दी है।

रेल मंत्री ने सांसद पीसी मोहन को इसको मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि कर्नाटक के केएसआर बेंगलुरु स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उम्मीद है कि अगले माह इस नई ट्रेन सेवा की शुरुआत हो सकती है। इससे दक्षिण और पश्चिम भारत के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। साथ ही यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्लीपर कोच में आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

## दिल्ली-बिहार ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, छह तस्कर गिरफ्तार

### -बिहार से लाकर दिल्ली-एनसीआर में खपाते थे नशा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड (एएनएस) ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 58.7 किलोग्राम गांजा और 5.31 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद माल की




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि शुरुआती कार्रवाई में नदीम और मोनू उर्फ अभिषेक को पकड़ा गया, जिनसे 45 किलो से अधिक गांजा, नकदी और पैकिंग सामग्री मिली। आगे की जांच में शेर खान, पिंकी कौर उर्फ डॉन सहित चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि गिरोह बिहार से गांजा मंगाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था और किराए के मकानों में इसे छिपाकर छोटे पैकेटों में बेचता था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पटना मुख्यमंत्री आवास में बैठकों का दौर जारी, ललन सिंह पहुंच रहे पटना,अगले दो दिन अहम

## बिहार की राजनीति में पिछले दो महीनों से चल रही हलचल अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है।

**पटना,** (हि.स.) पिछले दो महीने से बिहार की राजनीति में मची हलचल अब अपने अंतिम मोड पर पहुंचने वाली है,क्योंकि मुख्यमंत्री आवास पर बैठकों का दौर लगातार जारी है। रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर एक और बड़ी बैठक होने वाली है। बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह शामिल होंगे। साथ ही जदयू-भाजपा के सभी विधायकों को पटना बुलाया गया है। आज की बैठक में जदयू के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी पटना पहुंच रहे है।




शनिवार को दिल्ली में भी भाजपा के वरीय नेताओं की मीटिंग हुई। बीते दिन भी मुख्यमंत्रीआवास में जदयू नेताओं के साथ नीतीश कुमार ने बैठक की।बैठक के दूसरे दिन ही नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग खाली कर दिया और 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हो गये। इसके बाद से ही नये मुख्यमंत्री और उनकी इस्तीफे की चर्चा ने जोर पकड लिया।

**एनडीए विधायको पटना में मौजूद रहने के निर्देश:** सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री आवास में आज होने वाली अहम बैठक में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रियों की संख्या और विभागों के बंटवारे पर चर्चा हो सकती और अगले दो दिनों में इन मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। यही नहीं जदयू और भाजपा दोनों दलों के विधायकों को पटना में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। जो विधायक अब तक नहीं पहुंचे हैं, उन्हें जल्द राजधानी पहुंचने को कहा गया है। आज सुबह से ही विधायकों के पटना आने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

**13 को कैबिनेट की आखिरी बैठक, 14 को इस्तीफा:** राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 13 अप्रैल को वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक हो सकती है। इसके ठीक अगले दिन यानी 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। इस्तीफे के तुरंत बाद एनडीए विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए नेता का औपचारिक चुनाव और सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही नीतीश कुमार उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो लोकसभा, राज्यसभा, बिहार विधानसभा और विधान परिषद चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं।

**सुबह सुबह नीतीश से मिलने पहुंचे सम्राट:** रविवार सुबह सुबह 12 घंटे के अंतराल में दूसरी बार सम्राट चौधरी सीएम आवास पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अहम बातचीत हो रही है। दिल्ली में शनिवार को अमित शाह, विनोद तावड़े और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंथन किया था। दिल्ली में हुई इस बैठक के बाद सम्राट चौधरी और नीतीश कुमार की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है, जिससे बिहार में नई सरकार के स्वरूप और नेतृत्व को लेकर तस्वीर जल्द साफ हो सकती है।

इन बैठकों और मुलाकातों के लगातार दौर से स्पष्ट होता जा रहा है कि आने वाले 2 से 3 दिनों में सियासी स्थिति साफ हो जाएगी।

**उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा लोकभवन पहुंचे:** शनिवार शाम बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। उनके साथ मंत्री लखेंद्र पासवान भी मौजूद थे। करीब 30 मिनट चली बैठक के बाद नेताओं ने संकेत दिया कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और आगे की सरकार भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बनेगी।

वहींउपमुख्यमंत्रीविजय सिन्हा भी मुलाकात के बाद लोकभवन पहुंचे, जहां उन्होंने करीब आधे घंटे तक अधिकारियों से चर्चा की। इसके अलावा जदयूके कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी ने भीमुख्यमंत्रीसे मुलाकात कर नए मंत्रिमंडल के स्वरूप और युवा चेहरों को शामिल करने पर चर्चा की।

# भोजपुर—बक्सर एमएलसी उपचुनाव में जदयू ने कन्हैया प्रसाद को बनाया उम्मीदवार

**पटना,** (हि.स.) बिहार में भोजपुर—बक्सर स्थानीय निकाय विधान परिषद सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। यह सीट राधाचरण साह के विधायक बनने के बाद खाली हुई थी। सीट रिक्त होने के बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके तहत राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।



**राजद से होगा सीधा मुकाबला** इस सीट पर जदयू उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद का सीधा मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी सोनू कुमार राय से होगा। दोनों दलों ने स्थानीय निकाय क्षेत्र में अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि दोनों ही उम्मीदवार स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में सक्रिय भूमिका रखते हैं।

**कन्हैया प्रसाद का राजनीतिक व पेशेवर सफर:** कन्हैया प्रसाद राजनीति में आने से पहले अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े रहे हैं। वह ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों में निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जो खनन और व्यापार के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। उनका नाम विवादों से भी जुड़ा रहा है। अवैध बालू खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। लगभग नौ महीने जेल में रहने के बाद मई 2024 में उन्हें जमानत मिली थी। अब जदयू ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें पहली बड़ी चुनावी परीक्षा में उतारा है। उपचुनाव के लिए मतदान 12 मई को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 14 मई को की जाएगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### जदयू ने घोषित किया प्रत्याशी

उपचुनाव को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने राधाचरण साह के पुत्र कन्हैया प्रसाद को अपना आधिकारिक प्रत्याशी बनाया है। कन्हैया प्रसाद के नाम की घोषणा के साथ ही जदयू ने इस सीट पर अपनी चुनावी रणनीति स्पष्ट कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पार्टी ने पारिवारिक समीकरण और स्थानीय पकड़ को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

# बिहार में 14 अप्रैल को नीतीश कैबिनेट की बैठक

**पटना,** (हि.स.)।

-------------

**01: मुख्यमंत्री अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।**

-------------

**02 : जदयू नेता संजय झा ने कहा सरकार नीतीश के मार्गदर्शन में चलेगी।**

-------------



बिहार की राजनीति में हलचल के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक 14 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मंत्रिमंडलीय सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्य सचिवालय में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इधर, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने स्पष्ट किया कि राज्य में बनने वाली नई सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में रहकर ही सरकार की गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे और समय-समय पर दिशा-निर्देश देते रहेंगे।

वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधायक दल की 14 अप्रैल को होने वाली बैठक को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बैठक में नए नेता का चयन किया जाएगा, जिसके आधार पर बिहार के नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी।

राज्य की बदलती राजनीतिक तस्वीर को लेकर अब सभी की निगाहें 14 अप्रैल की इस अहम बैठक पर टिकी हैं, जहां से बिहार की नई सरकार की दिशा और नेतृत्व तय होगा।

# पटना में 29 नवंबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव, 15 से 29 वर्ष के युवा कर सकेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

**पटना,** (हि.स.) ।बिहार में भू-माफिया और जाली दस्तावेजों के खेल पर अब सख्त प्रहार की तैयारी है। सिस्टम के भीतर से ही शिकंजा कसने की कवायद तेज हो गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि फर्जी कागजात के जरिए जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।




उन्होंने फील्ड अधिकारियों को स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई करनी होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बताया कि पिछले दो महीनों से पूरे राज्य में अभियान चलाकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। मुजफ्फरपुर, सारण और पूर्णिया सहित सभी प्रमंडलों में बैठकों के दौरान साफ कर दिया गया है कि जहां भी जाली दस्तावेज पकड़े जाएं, वहां संबंधित अंचल अधिकारी तुरंत मुकदमा दर्ज करें और दोषियों पर कार्रवाई करें।

प्रधान सचिव ने कहा कि भूमि माफिया पर लगाम कसने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है, लेकिन इसमें जनता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं सरकारी जमीन पर कब्जा, फर्जी रजिस्ट्री या कागजात का खेल चल रहा हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

उन्होंने दो टूक कहा कि अब जाली दस्तावेजों के सहारे जमीन हथियाने वालों की खैर नहीं है। सरकार ऐसे मामलों को गंभीरता से ले रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**जाली कागजात के खेल पर सिस्टम की नजर:** अंदरखाने यह भी माना जा रहा है कि कई मामलों में स्थानीय स्तर पर मिलीभगत और जानकारी के अभाव के कारण कार्रवाई धीमी पड़ जाती थी। इसी वजह से अब सिस्टम जनता से सीधे इनपुट लेने पर भी जोर दे रहा है। विभाग का मानना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और फर्जी रजिस्ट्री जैसे मामलों की सही जानकारी अक्सर स्थानीय लोगों के पास ही होती है।

**फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम:** राजस्व विभाग की इस सक्रियता को जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और लंबे समय से चल रहे फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सख्ती के इन निर्देशों का जमीनी असर कितना दिखता है।

# सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर बोले उपमुख्यमंत्री - सुरमई आवाज दिलायेगी याद

**पटना,** (हि.स.) बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सुप्रसिद्ध गायिका पद्मविभूषण आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि आशा भोंसले का जाना भारतीय संगीत और कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे भारत के सांस्कृतिक जगत की एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ थीं।

विजय सिन्हा ने कहा कि 20 भाषाओं में गाए गए उनके 11000 से अधिक गाने लोकप्रिय होने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।



आशा उस मंगेशकर परिवार की अहम धुरी थीं जिसने पिछले 8 दशकों से लगातार अपनी संगीत-साधना के बूते भारत की वैश्विक पहचान को गढ़ने में योगदान दिया है। स्वरकोकिला स्वर्गीय लताजी के साथ मिलकर उन्होंने कई पीढ़ियों का मनोरंजन किया। जो निश्चित रूप से स्मरणीय और सराहनीय है ।

उन्होंने कहा कि आशा जी अपनी मधुर एवं सुरमयी आवाज और विचारों की स्पष्टता के साथ फिल्म जगत सहित भारत के समग्र सांस्कृतिक सरोकारों से भी जुड़ी थीं। जब भी देश को उनकी जरूरत पड़ी उन्होंने आगे बढ़कर अपना योगदान दिया है। निश्चित रूप से उनके व्यक्तित्व और योगदान को संगीत के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि देश के समग्र सांस्कृतिक क्षेत्र में सराहा और संजोया जाता रहेगा।

# पूर्व एमएलसी डॉ. अजय कुमार सिंह ने थामा जदयू का दामन

**पटना,** (हि.स.) बिहार की राजनीति में रविवार को तब एक अहम बदलाव देखने को मिला, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का दामन थाम लिया। उन्होंने रविवार को पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें सदस्यता पर्ची प्रदान कर औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने डॉ. सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा ने कहा कि डॉ. अजय कुमार सिंह के जदयू में शामिल होने से भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि डॉ. सिंह के लंबे सामाजिक और राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और 'न्याय के साथ विकास' की नीति को और अधिक गति मिलेगी।

डॉ. सिंह के जदयू में आने को पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। उनके जुड़ने से न केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर भी पार्टी की पकड़ और सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक दुलाल चंद गोस्वामी, अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा समेत कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार में सरकार गठन की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू, कुछ ही दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा : विजय चौधरी

**पटना,** (हि.स.) बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच लगातार दो दिनों तक हुई अहम बैठकों के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं। इन बैठकों को सरकार के संभावित पुनर्गठन और नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में इसे बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।




**मंत्री विजय कुमार चौधरी के बयान से बढ़ी चर्चाएं:** इस बीच राज्य सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत में संकेत दिए हैं कि आने वाले कुछ दिनों में सरकार गठन की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी टाइमलाइन जल्द सार्वजनिक की जाएगी, जिससे राजनीतिक अनिश्चितता समाप्त हो सके। उनके इस बयान के बाद राज्य की सियासत में नई सरकार को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

**कैबिनेट विस्तार और संभावित इस्तीफे की चर्चा:** मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि कैबिनेट गठन और विस्तार को लेकर मंथन जारी है, हालांकि अभी इसकी तारीख तय नहीं हुई है। सबसे अहम बात यह रही कि उन्होंने संकेत दिया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि कोई निश्चित समय नहीं बताया गया है। उन्होंने जनता और मीडिया से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में पूरी राजनीतिक तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी और स्थिति पूरी तरह साफ हो जाएगी।

### मुख्यमंत्री चयन में भाजपा की भूमिका अहम:

विजय कुमार चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगले मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया भारतीय जनता पार्टी के हाथ में है। उन्होंने बताया कि भाजपा अपनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम तय करती है, जिसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि अंततः गठबंधन के सभी घटकों की सहमति से ही नेता का चयन होता है, जो राज्य का नया मुख्यमंत्री बनता है।

# संवेदनशीलता : कटिहार सड़क हादसे के पीड़ितों को 24 घंटे में मिली राहत, जिला प्रशासन ने पहुचाई सहायता राशि

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**





कटिहार में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए राहत राशि की घोषणा के उपरांत पूर्णिया जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर पीड़ित परिवारों तक सहायता पहुंचा दी। जिला पदाधिकारी, पूर्णिया, अंशुल कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कागजी प्रक्रियाओं को न्यूनतम समय में पूरा कर मृतकों के आश्रितों और घायलों को सहायता राशि प्रदान की।

**मृतकों के आश्रितों को 2 लाख की अनुग्रह राशि:** दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को 2,00,000 (दो लाख) रुपये प्रति मृतक की दर से अनुग्रह अनुदान राशि दी गई।

पूर्णिया जिले से संबंधित मृतकों की क्रमवार सूची इस प्रकार है:

दुर्गा वास्की (ग्रामः लौरिया, डगरुआ)
दानगी देवी (ग्रामः लौरिया, डगरुआ)
रंजीता हेम्ब्रम (ग्रामः लौरिया, डगरुआ)
ताला सोरेन (ग्रामः कुरशेलबारी, डगरुआ)
होपनामय टुडू (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
ललिता कुमारी (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
फुलमनी सोरेन (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
राधिका हांसदा (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
तालमि देवी (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
चिंतामणि महतो (ग्रामः मझवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
बिटिया मरांडी (ग्रामः सहवा, मुफस्सिल रानीपतरा)
राजेश कुमार मुर्मू (ग्रामः महादेवपुर टोला, बी. कोठी)

घायलों को 50 हजार की सहायता, बेहतर इलाज के निर्देशगंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50,000 (पचास हजार) रुपये की सहायता राशि त्वरित रूप से उपलब्ध कराई गई है। साथ ही सभी घायलों के समुचित और बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**डीएम बोले - हर संभव मदद के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध:** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले तथा भविष्य में भी इन परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए।

**अंत्येष्टि अनुदान और राशन की व्यवस्था भी सुनिश्चित:** मृतकों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए 'कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना' के तहत तत्काल राशि उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त पीड़ित परिवारों की तात्कालिक जरूरतों को देखते हुए प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में राशन (खाद्यान्न) भी उपलब्ध कराया गया है।

## कांग्रेस नेता के निधन पर शोक, संगठन को अपूरणीय क्षति



**न्यूज़ स्केल हरदा (पूर्णिया)**

फलका क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुखिया जनाब जब्बार के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अफरोज आलम ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से पार्टी संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि जनाब जब्बार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहे और क्षेत्र में सामाजिक व राजनीतिक रूप से सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

जिलाध्यक्ष ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य रखने की बात कही।

## विधायक विजय खेमका ने सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **आशा जी केवल एक गायिका नहीं, बल्कि अपने आप में एक युग थीं। हिंदी सिनेमा और भारतीय संगीत जगत में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद रहेगा : विधायक**



विधायक विजय खेमका ने भारत की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। आशा भोसले जी का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विधायक ने कहा कि अपनी मधुर, सुरीली और भावपूर्ण आवाज़ से उन्होंने न केवल भारत बल्कि विश्व भर के संगीत प्रेमियों के हृदय पर अमिट छाप छोड़ी है। उनकी गायकी ने पीढ़ियों को भावनाओं से जोड़ा और भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि आशा जी केवल एक गायिका नहीं, बल्कि अपने आप में एक युग थीं। हिंदी सिनेमा और भारतीय संगीत जगत में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद रहेगा। उनके स्वर में ऐसी जादुई मिठास थी, जिसने करोड़ों लोगों के जीवन को संगीत से सराबोर किया।

विधायक श्री खेमका ने कहा कि आशा जी की स्मृतियां और उनके अमर गीत सदैव संगीत प्रेमियों के बीच जीवित रहेंगे तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उनका निधन भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। विधायक ने प्रचीन पूर्णिया सिटी काली मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्री गोपाल मुखर्जी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा पूज्य गोपाल जी माँ काली के परम भक्त एवं विद्वान आचार्य थे । धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उनका सहयोग सदैव सराहनीय रहा है । उनके असमय निघन से पूर्णिया को अपुर्णिय क्षति हुई है । स दुख की घड़ी में परमात्मा शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ती प्रदान करें ।

## दर्दनाक हादसे पर विधायक विजय खेमका ने गहरा दु :ख व्यक्त किया : कहा यह घटना अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **विधायक विजय खेमका ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही**



कटिहार कोढ़ा प्रखंड के निकट एनएच-31 पर बस और पिकअप वाहन के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना में पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक के सुहवा और

मझुआ गांव में सात लोग और अन्य स्थानों के तीन लोगों की आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक हादसे पर विधायक विजय खेमका ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक जीएमसीएच पूर्णिया पहुंचे, जहां उन्होंने इलाजरत घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक घायल को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि तथा मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई है। विधायक ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त विधायक ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि मृतक परिवारों को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 5,000 रुपये तथा पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20,000 रुपये की राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रत्येक प्रभावित परिवार को तत्काल एक-एक क्विंटल चावल एवं एक-एक क्विंटल गेहूं शीघ्र उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया ।

## कोढ़ा सड़क हादसा : पीड़ित परिवारों से मिले जितेंद्र यादव, दी श्रद्धांजलि

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **13 की मौत से पसरा मातम, घायलों का हाल जाना; मुआवजा व बेहतर इलाज की उठाई मांग**





पूर्णिया पूर्व प्रखंड के गौरा पंचायत अंतर्गत सुहवा संथाली टोला में रविवार को सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव पहुंचकर सड़क दुर्घटना में असमय काल-कवलित हुए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगतों के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त किया तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

जितेंद्र यादव ने अस्पताल पहुंचकर इलाजरत घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी ने भी इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की है। बताया जाता है कि शनिवार की संध्या कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के फुलवरिया में बस और पिकअप के बीच भीषण टक्कर हो गई थी। इस हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में सुहवा संथाली टोला की फुलमनी सोरेन, तलमी मरांडी, राधिका हासदा, बिटिया मरांडी, होपनमय टुडू, ललिता मुर्मू और वाहन चालक चिंतामणि महतो शामिल हैं। इसके अलावा दीवानगंज के एक व्यक्ति की भी इस दुर्घटना में मौत हुई है। वहीं घायलों में बाबूलाल हासदा, खुशबू कुमारी, ताला हासदा, तलकु मुर्मू, अजय हासदा, हंजु हासदा, राजेश हासदा, ननकू हासदा, भीमा हासदा, मरंगमय टुडू और सोनिया कुमारी समेत अन्य शामिल हैं, जिनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जितेंद्र यादव ने हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि इस क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को अविलंब उचित मुआवजा देने तथा घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने प्रशासन से दुर्घटना के कारणों की जांच कर आवश्यक कदम उठाने की भी अपील की और दिवंगत आत्माओं की शांति व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने जीएमसीएच पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की : घायलों का हाल जाना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **भाजपा नेत्री ने जीएमसीच मे डॉक्टर से मिलाकर घायलों के इलाज से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की : कहा - सरकार और प्रशासन हर संभव सहायता को तात्पर्य**



कटिहार जिले के कोढ़ा–गेड़ाबाड़ी मार्ग पर हुई हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है. इस हादसे में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में इलाजरत है. जहां सूचना मिलते ही भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने जीएमसीएच पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने अस्पताल के मेडिकल वार्ड में इलाजरत घायलों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की. उन्होंने डॉक्टरों व मौजूद नर्स से भी घायलों के उपचार और वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और आग्रह किया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए. मुलाकात के दौरान नूतन गुप्ता ने घायलों के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन घायलों की मदद के लिए तत्पर है. उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी. भाजपा जिलामंत्री श्रीमती गुप्ता ने कहा यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है. इस सड़क हादसे में एक साथ तरह लोगों की मौत की खबर से वे मर्माहत हैं. उन्होने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह घटना झकझोर दिया है. ईश्वर दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान करें. उन्होंने कहा ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी घायल व्यक्ति शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौटें. दुख की इस घड़ी में हम पूरी तरह से पीड़ितों के साथ खड़े हैं.

## पूर्णियावासियों के लिए दोहरा शोक, गोपाल मुर्खजी और आशा ताई का निधन अपूर्णीय क्षति : डॉ. एके गुप्ता

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **डॉ. गुप्ता ने कहा कि पंडित दा उनके परिवार को स्नेह और आशीर्वाद देते थे।**



रविवार का दिन पूर्णिया के लिए गहरे शोक का कारण बन गया, जब सिटी काली मंदिर के पुजारी गोपाला मुखर्जी (पंडित दा) के निधन की खबर सामने आई। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

**आशा भोसले के निधन पर संगीत जगत में शोक:** डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने भारतीय संगीत जगत की महान गायिका आशा भोसले के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन संगीत का एक विशाल अध्याय था। आशा भोसले ने मात्र 10 वर्ष की आयु से गायन की शुरुआत की और अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ भारतीय फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया।

**स्वर्णिम संगीत युग का अंत, अमर रहेगा योगदान:** उन्होंने कहा कि आशा भोसले ने शास्त्रीय संगीत, ग़ज़ल, भजन से लेकर कैबरे और पॉप गीतों तक अपनी अनूठी पहचान बनाई। उनके नाम सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। लगभग 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से अधिक गीत गाने वाली आशा भोसले को 'पद्म विभूषण' और 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। उनका योगदान भारतीय संगीत इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।



**भाजपा नेता डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने जताया शोक:** भाजपा नेता एवं शहर के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने पंडित दा के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताया। उन्होंने कहा कि जब पंडित दा स्वस्थ थे तो वे उनके आवास पर आते थे और पूरे परिवार को स्नेह व आशीर्वाद देते थे। पिछले कई वर्षों से अस्वस्थ रहने के कारण मुलाकात नहीं हो पा रही थी। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल को माता काली ने उन्हें अपने चरणों में स्थान दिया।

## कोढ़ा सड़क हादसे के पीड़ितों से मिले सांसद प्रतिनिधि , हरसंभव सहायता का आश्वासन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड के निकट एनएच-31 पर बस और पिकअप वैन के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस हादसे में पूर्णिया पूर्व प्रखंड के गौरा पंचायत स्थित सुहवा संथाली टोला सहित मझुआ, डिमिया पंचायत और अन्य क्षेत्रों के लोगों की असामयिक मृत्यु ने सभी को झकझोर दिया है। घटना शनिवार संध्या फुलवरिया के समीप हुई, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही सांसद प्रतिनिधि बबलू भगत एवं सांसद प्रवक्ता राजेश यादव प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और सुहवा संथाली टोला जाकर दिवंगतों के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और इसकी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहना हमारा कर्तव्य है।

सांसद प्रवक्ता राजेश यादव ने बताया कि इस दुर्घटना में सुहवा संथाली टोला के सात और दीवानगंज के एक व्यक्ति सहित कुल 13 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए अस्पताल प्रशासन से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कुछ पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा तथा घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था अविलंब सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की आवश्यकता है।अंत में राजेश यादव ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। इस मौके पर सुबोध महलदार, दिपक राय, सोनू यादव, करन यादव

# 1.224 किलो ब्राउन शुगर के साथ दूसरे दो तस्कर गिरफ्तार, स्कॉर्पियो सहित कई सामान बरामद

## चकमका ओपी व जानकीनगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, मधेपुरा रूट से तस्करी का खुलासा

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

बनमनखी पुलिस को स्मैक तस्करों के विरुद्ध कार्यवाई मे एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दरअसल बनमनखी पुलिस को स्मैक तस्करी से जुडी एक गुप्त सुचना मिली थी, प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर चकमका ओपी (जानकीनगर थाना) क्षेत्र की पुलिस ने सटीक लोकेशन पर कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक यह




कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बनमनखी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

रविवार को एक प्रेस वार्ता मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम ने यह जानकरी दी! उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो वाहन से ब्राउन शुगर/स्मैक की खेप बंगाल से जानकीनगर होते हुए मधेपुरा की ओर ले जाई जा रही है।पुलिस ने सूचना के सत्यापन के बाद इटहरी मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान छापेमारी कर दो तस्करों को दबोच लिया।

**स्मैक तस्करों के नटवर्क को खंगालेगी बनमनखी पुलिस**

दरअसल इस गिरफ्तारी और स्मैक बरामदगी के बाद बनमनखी अनुमंडल पुलिस के मुताबिक पूछ ताछ के क्रम मे गिरफ्तार तस्करों द्वारा कुछ खुलासे किये गये है, जिसपर पुलिस आगे कि कार्यवाई भी करेंगी! ऐसे माना जा रहा है कि स्मैक तस्करों के विरुद्ध बनमनखी पुलिस कि कार्यवाई तेज होंगी बल्कि पुलिस स्मैक तस्करी के नेटवर्क से जुड़े लोगों तक पुलिस पहुंचने कि तैयारी मे है,

**स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी::** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनमनखी शैलेश प्रीतम ने बताया कि इस पुलिस कार्यवाई मे गिरफ्तार तस्करों में निरंजन कुमार यादव उर्फ बंटी (जिला सुपौल) और रंजीर कुमार उर्फ रंधीर कुमार बबलू (जिला मधेपुरा) शामिल हैं। पुलिस ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया की दोनों तस्करों से पूछताछ के दौरान तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की भी जानकारी मिली है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**बरामदगी का ब्यौरा:** पुलिस ने आरोपियों के पास से:
1.224 किलोग्राम ब्राउन शुगर/स्मैक
02 मोबाइल फोन
01 स्कॉर्पियो वाहन (BR50W5050)
सोने जैसे दिखने वाले जेवर (चेन, अंगूठी, बजरंगबली लॉकेट)
नकद ₹6,880
बरामद किए हैं।

**कार्रवाई में शामिल टीम:** इस कार्रवाई में बनमनखी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में जानकीनगर थाना अध्यक्ष परीक्षित पासवान, चकमा ओपी प्रभारी विवेक कुमार, सिपाही आकाश साह, रमेश कुमार, अनिल कुमार के अलावा अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।इधर पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में नशा कारोबार पर एक बड़ी चोट मानी जा रही है।

**पुलिस का बयान:** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**निष्कर्ष:** पूर्णिया पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार हुआ है। इससे इलाके में अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# धमदाहा में कस्तूरबा दिवस पर छात्राओं ने बिखेरा सांस्कृतिक रंग, अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

## 157वीं जयंती पर कस्तूरबा गांधी को श्रद्धांजलि, बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया





**न्यूज स्केल,धमदाहा।**

शनिवार को आदर्श संस्कृत मध्य विद्यालय परिसर स्थित आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, धमदाहा (टाइप-1) में कस्तूरबा गांधी की 157वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार, अतिविशिष्ट अतिथि मुख्य पार्षद रानी देवी एवं विशिष्ट अतिथि अनुपम देवी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने कस्तूरबा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला।

विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की।

अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विशेष रूप से शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों की वंचित वर्ग की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि यह योजना सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जुलाई 2004 में प्रारंभ हुई थी, जो पहले कक्षा 6 से 8 तक सीमित थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर कक्षा 12 तक कर दिया गया है। यह योजना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को भी मजबूती प्रदान करती है।उन्होंने आगे कहा कि इन विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक, अध्यापिका भावना ठाकुर, नीलम कुमारी, रीना चौधरी, निर्मल कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पत्नी व बेटी घायल — घर में मचा कोहराम

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

बड़हरा प्रखंड के ठाढ़ी पंचायत अंतर्गत महादेव टोला निवासी राजेश मुर्मू की कटिहार के गेराबाड़ी में हुए एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार उनकी छह वर्षीय बेटी रूना कुमारी भी घायल हो गई है, जिसका स्थानीय स्तर पर उपचार कराया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश मुर्मू अपने बड़े बेटे की शादी तय करने गेराबाड़ी गए थे। शादी तय कर वापस घर लौटने के दौरान गेराबाड़ी के पास उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान एक ट्रक और पिकअप की आपसी टक्कर के बाद अनियंत्रित वाहन ने उनकी खड़ी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश मुर्मू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं।





मृतक का फ़ाइल फोटो

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं शव जब महादेव टोला पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां जनिया देवी ने बताया कि बेटा अपने बेटे की शादी तय करने गया था, लेकिन घर उसकी लाश आई।

बताया जाता है कि राजेश मुर्मू मजदूरी और खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनकी जिम्मेदारी अब परिवार पर आ गई है।शव के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। पंचायत के मुखिया शम्भू शरण कोरेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे लगातार परिवार के संपर्क में हैं। शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है तथा तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नि :शुल्क आंख-कान जांच शिविर का भव्य आयोजन, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



**न्यूज़ स्केल, कसबा (पूर्णिया)**

जन चेतना क्रांति संघ एवं हिमाल आंखा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में तंजीमिया मदरसा प्रांगण, बड़ाईदगाह में निःशुल्क आंख एवं कान जांच शिविर का भव्य आयोजन समाजसेवी मो. मनोवर हुसैन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अमौर के पूर्व विधायक सबा जफर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार पासवान भारती, उप प्रमुख मो. फैजान एवं जन चेतना क्रांति संघ के संयोजक सह अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बमबम साह उपस्थित रहे।

शिविर में हिमाल आंखा अस्पताल के प्रबंधक श्याम नारायण यादव, डॉ. सूर्यनारायण साह, डॉ. सुरेश मंडल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आधुनिक मशीनों से सैकड़ों लोगों की जांच की। वक्ताओं ने इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया। जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां दी गईं, वहीं मो. मनोवर हुसैन ने निजी कोष से चश्मा भी वितरित किया। मोतियाबिंद मरीजों को रियायती दर पर ऑपरेशन की सुविधा देने की घोषणा की गई।

# पूर्णिया में सामूहिक चित्कार : सुआ गाँव में एक साथ उठीं छह अर्थियां, अपनी ही माटी में दफन हुईं मासूम यादें

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कटिहार के दादपुर चौक (एनएच-31) पर शनिवार को हुई भीषण बस दुर्घटना ने पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की गौरा पंचायत अंतर्गत सुआ गाँव को ऐसा जख्म दे दिया है, जो शायद कभी नहीं भर पाएगा। यह हादसा केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं रहा, बल्कि पूरे गाँव की खुशियों, उम्मीदों और परिवारों के सपनों को एक ही झटके में उजाड़ देने वाला साबित हुआ।

रविवार की सुबह जैसे ही मृतकों के पार्थिव शरीर सुआ गाँव पहुँचे, पूरा इलाका चीख-पुकार और करुण क्रंदन से गूंज उठा। जिन घरों से कुछ दिन पहले तीर्थयात्रा के लिए हँसी-खुशी लोग निकले थे, वहीं आज सन्नाटा और मातम पसरा हुआ है।





**टूट गए परिवार, अनाथ हुए मासूम:** इस हादसे ने कई घरों के चिराग बुझा दिए। एक ही परिवार के पाँच सदस्य इसकी चपेट में आ गए—एक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। अब उस परिवार के सामने सबसे बड़ा संकट जीवन-यापन का खड़ा हो गया है।एक और दर्दनाक कहानी उस परिवार की है, जहाँ माँ और बेटी दोनों ने एक साथ दम तोड़ दिया।गाँव की गलियों में अब उन बच्चों की सिसकियाँ गूंज रही हैं, जिनके सिर से हमेशा के लिए माता-पिता का साया उठ गया है।

**प्रशासन तैनात, लेकिन गुस्सा भी उबाल पर:** गाँव में पसरे मातम और संभावित तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस बल मौके पर कैंप कर रहे हैं। अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश साफ झलक रहा है।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि पीड़ित परिवारों को सिर्फ अनुग्रह राशि देकर औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि अनाथ बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी भी सरकार उठाए।

**एक साथ उठीं छह अर्थियां, कांप उठा गाँव:** सुआ गाँव ने ऐसा मंजर पहले कभी नहीं देखा था। संथाल समुदाय की छह महिलाओं की अर्थियां जब एक साथ उठीं, तो हर आँख नम हो गई और हर दिल दहक उठा। परिजनों के विलाप से वातावरण बोझिल हो गया।

संथाल परंपरा के अनुसार, इन सभी महिलाओं को उनके अपने ही खेत-खलिहान की मिट्टी में दफनाया गया। समुदाय के बुजुर्गों ने बताया कि उनके यहाँ शवों का दाह संस्कार नहीं किया जाता, बल्कि अपनी ही जमीन में उन्हें सहेज कर रखा जाता है—ताकि अपनों की यादें हमेशा पास बनी रहें।वहीं, एक अन्य मृतक चिंतामणि महतो का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से श्मशान घाट पर किया गया।

**अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग:** हादसे में घायल सात अन्य लोगों का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है, जहाँ उनकी स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर उन्हें बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गाँव के लोगों की चिंता कम होने का नाम नहीं ले रही।मातम में डूबा सुआ गाँव, सवालों के घेरे में व्यवस्था

सुआ गाँव आज सिर्फ एक गाँव नहीं, बल्कि दर्द, शोक और बेबसी की जीवंत तस्वीर बन गया है।

**तीर्थ से लौटते वक्त टूटी जिंदगी की डोर:** यह यात्रा संथाल समुदाय के लिए आस्था और उल्लास का प्रतीक थी। जियन मारांग बुरु जय शंकर भगवान के दर्शन के लिए निकले ये श्रद्धालु शायद ही जानते थे कि यह उनकी अंतिम यात्रा साबित होगी।

वापसी के दौरान काल बनकर आई इस दुर्घटना ने न सिर्फ उनकी जान ले ली, बल्कि कई परिवारों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल दिया।

# मरंगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की बाइक व तीन मोबाइल बरामद, दो गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**गस्ती के दौरान मिली सफलता, दोनों आरोपी लालगंज शेरसाहबादी टोला के निवासी**

मरंगा थाना पुलिस ने गस्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 11 अप्रैल 2026 को नियमित गश्ती अभियान के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. अफताब (20 वर्ष), पिता मो. निजामुद्दीन तथा मो. शब्बीर (19 वर्ष), पिता मो. कालू शामिल हैं। दोनों आरोपी लालगंज शेरसाहबादी टोला, वार्ड संख्या-07, थाना मरंगा, जिला पूर्णिया के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दोनों को रोका गया, तलाशी के दौरान चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में चोरी की घटना से जुड़े अहम सुराग भी मिले हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं एआई रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पूर्णिया में आज शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों की प्रभावशाली उपस्थिति देखने को मिली।





इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, दृष्टिकोण तथा शैक्षणिक प्रणाली से अवगत कराना था। प्रधानाचार्या श्रीमती किस्मत आरा ने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण विद्यालय के एआई रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन रहा, जो तकनीक-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रस्तुति के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और उनके प्रश्नों का संतोषजनक एवं प्रभावी उत्तर दिया गया।

इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. आदिल इमाम ने कहा, "हम अभिभावकों के मूल्यवान समय और विश्वास के लिए हृदय से आभारी हैं। हम सभी मिलकर अपने विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर और भविष्य-उन्मुख शिक्षण वातावरण तैयार करेंगे।"

कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ किया।

# चंपानगर स्टेट में पांडुलिपियों की खोज, 'ज्ञान भारतम' सर्वेक्षण में मिली ऐतिहासिक धरोहरों की झलक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

■ राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक टीम का दौरा, संरक्षण और दस्तावेजीकरण पर जोर





भारत सरकार के महत्वपूर्ण 'ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्यक्रम' के अंतर्गत रविवार को पूर्णिया के ऐतिहासिक चंपानगर स्टेट का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने यहां मौजूद प्राचीन पांडुलिपियों और उनसे जुड़ी सांस्कृतिक धरोहरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान उप-विकास आयुक्त अंजनी कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार पटेल, केनगर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही राजघराना परिवार के सदस्यों ने भी टीम को पांडुलिपियों के इतिहास और महत्व से अवगत कराया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्ञान भारतम' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देशभर में बिखरी हुई प्राचीन पांडुलिपियों की पहचान, सूचीकरण और संरक्षण सुनिश्चित करना है। कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, धार्मिक और साहित्यिक दस्तावेज निजी संग्रहों में सुरक्षित हैं, जिन्हें संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है।

चंपानगर स्टेट में मिले दस्तावेजों में क्षेत्रीय इतिहास, परंपराओं और सामाजिक जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है। टीम ने पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था और डिजिटाइजेशन पर भी बल दिया।प्रशासन ने स्थानीय लोगों और निजी संग्रहकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने पास सुरक्षित पुरानी पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित किया जा सके। यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में मददगार होगी, बल्कि क्षेत्रीय इतिहास को भी नई पहचान दिलाएगी।

# पूर्णिया में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, 8791 उपभोक्ताओं को मिला सिलेंडर

**जिले में 24,790 सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक, पैनिक बुकिंग से बचने की अपील**



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूर्णिया में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। शनिवार को जिले में कुल 8791 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया, जबकि एजेंसियों के गोदामों में अभी भी 24,790 सिलेंडर उपलब्ध हैं।

अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री रविशंकर उरांव ने बताया कि रविवार को 9695 उपभोक्ताओं द्वारा गैस की मांग की गई थी, जिसमें से नियमानुसार अधिकांश उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध करा दिया गया।

गैस एजेंसियां नियमित रूप से होम डिलीवरी के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि 15 मार्च से अब तक एलपीजी गैस से संबंधित कुल 355 शिकायतें जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुईं, जिनका शत-प्रतिशत समाधान करा दिया गया है।प्रशासन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 25 दिनों का निर्धारित है। ऐसे में उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के काउंटर या गोदामों पर भीड़ न लगाएं। जरूरत के अनुसार ही गैस बुकिंग करें, क्योंकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी की सुविधा मिल रही है।

**शिकायत के लिए संपर्क :** यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या हो, तो वे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317, 242320 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# खाद-बीज विक्रेता संघ के अध्यक्ष सरबुल आलम का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**न्यूज स्केल अमौर**



अमौर प्रखंड क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष और क्षेत्र की जानी-मानी शख्सियत सरबुल आलम 75 वर्ष का असामयिक निधन हो गया है. उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई. वे अपने पीछे दो बेटे, दो बेटियाँ और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं.सरबुल आलम न केवल व्यावसायिक जगत में एक प्रतिष्ठित नाम थे, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी उनकी गहरी रुचि थी. 75 वर्ष की आयु में भी वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे. उनके निधन को स्थानीय व्यापार और समाज के लिए एक बड़ी क्षति बताया जा रहा है.उनके अंतिम दर्शन और परिवार को ढांढस बंधाने के लिए राजनीतिक और सामाजिक जगत के कई दिग्गज विधायक अख्तरुल ईमान, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अफसर नदवी, पूर्व विधायक सबा जफर आदि ने शोक व्यक्त की. इन नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि सरबुल आलम एक नेक दिल और मिलनसार व्यक्ति थे, जिन्होंने हमेशा व्यापारियों के हितों की रक्षा की. इस दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने वालों में नईम अख्तर, अंसार आलम, निहाल अख्तर, ईदी अमीन, कलाम अहमद, जौहर आलम, सज्जाद आलम, तनवीर आलम, जितेन्द्र कुमार, ब्रह्मदेव कुमार, शरद विश्वास और शुभम कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी शामिल रहे.सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की.

# रूपौली में जेंडर फोरम गठन की पहल, जीविका दीदियों को मिली नई जिम्मेदारी

**न्यूज स्केल रूपौली**



रूपौली प्रखंड मुख्यालय स्थित फैसिलिटी भवन में जीविका दीदियों के जेंडर एकीकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार ने की। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड सहकार प्रसार पदाधिकारी धनंजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्णदेव चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि रूपौली प्रखंड के सभी पंचायतों में जीविका दीदियों के माध्यम से जेंडर फोरम का गठन किया जाएगा। इसके तहत पंचायत स्तर पर भी बैठकें आयोजित कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार लाना, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार जैसे मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई करना है। अब जीविका दीदी गांव स्तर पर सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

बैठक में बताया गया कि पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए जीविका दीदियां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों के सहयोग से कार्य करेंगी।

इस अवसर पर कल्याणी देवी (अध्यक्ष), निर्मला देवी (सचिव), कंचन देवी, सुषमा रमन सहित कई जीविका दीदियां मौजूद रहीं। जागरूकता अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की बैठकों में दीदियों को जेंडर फोरम के उद्देश्यों की जानकारी दी जा रही है।

# विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**न्यूज स्केल बैसा**

बैसा (पूर्णियां) रौटा थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव के नेतृत्व में पुलिस बलों द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रौटा थाना क्षेत्र के धर्मकांटा के नजदीक 04 लीटर 140 ग्राम विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति में - अमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत डहुआबाड़ी गांव निवासी - अरविंद कुमार मोदक शामिल है। पुलिस के अनुसार अरविन्द कुमार मोदक से बरामद शराब के बारे में पुछने पर बताया कि मैं शराब बेचने का काम करीब छः माह से करता हूँ। उन्होंने आगे बताया कि विदेशी शराब मैं नियाज उर्फ़ इंतजार आलम पिता मो० अमेरुल हसन ग्राम - मंगलपुर ,थाना- रौटा, जिला- पूर्णियाँ से लाकर अपने दुकान से खुदरा बेच देता हूँ। आज जब मैं नियाज के पास से शराब लेकर आया ही था । कि अचानक पुलिस आ गई। जिसके कारण पकड़ा गया । वहीं पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। गिरफ्तारी के उपरांत उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# सड़क किनारे गड्ढे से 55 वर्षीय महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**न्यूज स्केल भवानीपुर**





भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 15 स्थित शिशवा बैचा बहियार में रविवार की सुबह सड़क किनारे गड्ढे से एक महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड 12 निवासी कपिलदेव शर्मा उर्फ कपिल शर्मा की पत्नी कहवा देवी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भवानीपुर थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ अवर निरीक्षक विकास कुमार, शैलेश कुमार एवं सत्येंद्र नारायण सिंह भी मौजूद थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों के अनुसार कहवा देवी शुक्रवार को घर से घास लाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजन उनकी खोजबीन में जुट गए। रविवार की सुबह मृतका के भतीजे ने खोज के दौरान शिशवा बैचा बहियार में सड़क किनारे गड्ढे में पॉलीथिन शीट पर उनका शव पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिजनों ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के खुलासे के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों के आरोप के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।भवानीपुर थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गहनता से जांच कर रही है।

# वाहन जांच में बड़ी सफलता, चोरी की बाइक व मोबाइल बरामद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**एक आरोपी गिरफ्तार, विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध, पुलिस कर रही आगे की कार्रवाई**



पूर्णिया जिले के भट्ठा बाजार टीओपी (सहायक खजांची थाना) पुलिस को वाहन जांच अभियान के दौरान महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। दिनांक 11.04.2026 को नियमित चेकिंग के क्रम में पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए। इस कार्रवाई के दौरान एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया, वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. अरमान (20 वर्ष), पिता स्व. नवी हुसैन, निवासी रैपुर मटिया टोला परछाई, थाना रानीपतरा, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है तथा चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# चोरी की बाइक और मोबाइल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जलालगढ़ थाना पुलिस ने 11 अप्रैल 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमित गश्ती एवं जांच अभियान चलाया जा रहा था, जिसके दौरान यह सफलता हाथ लगी।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय शर्मा (23 वर्ष), पिता बसंत शर्मा, सुमन कुमार (21 वर्ष), पिता प्रकाश चौधरी, दोनों निवासी कठैली वार्ड संख्या 01, तथा अब्दुल सलाम (48 वर्ष), पिता स्व. इसराईल अंसारी, निवासी मिश्री नगर, सौतारी चौक वार्ड संख्या 07 शामिल हैं। तीनों आरोपी जलालगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने चोरी की बाइक और मोबाइल को जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# गुदरी हाट में गंदगी और शौचालय संकट से फूटा व्यापारियों का गुस्सा

**न्यूज स्केल केनगर/चम्पानगर :**

■ ओडीएफ दावों की खुली पोल, महिला व्यवसायियों ने उठाई पेयजल व शौचालय की गंभीर समस्या



स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार जहां गांव-गांव और घर-घर शौचालय निर्माण कर क्षेत्र को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित करने का दावा कर रही है, वहीं नगर पंचायत चम्पानगर का गुदरी हाट बाजार इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है। यहां शौचालय और शुद्ध पेयजल की भारी कमी के साथ-साथ साफ-सफाई का अभाव स्थानीय लोगों और व्यवसायियों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है।

गुदरी हाट बाजार में इन दिनों कचरे का अंबार लगा हुआ है। सड़कों पर फैले कचरे के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

सबसे अधिक परेशानी महिला व्यवसायियों को झेलनी पड़ रही है। सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण वे पानी पीने से भी परहेज कर रही हैं। उनका कहना है कि शौचालय की सुविधा नहीं होने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

इन समस्याओं से त्रस्त गुदरी हाट के व्यवसायियों ने दीपक दास मुहल्ले में कचरे से पटे रास्ते पर एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत चम्पानगर के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश जताया तथा जल्द समाधान की मांग करते हुए लिखित शिकायत सौंपी।

प्रदर्शन में शामिल कन्हैया श्रीवास्तव, दीपक दास, सुशील सहनी, शेखर मेहता, योगेन्द्र विश्वास, कुशुम देवी, शुशीला देवी, रंजन देवी, मुन्नी देवी, गीता देवी, देवकी कुमारी सहित अन्य व्यवसायियों ने बताया कि गुदरी हाट में लगभग एक हजार स्थायी और अस्थायी दुकानें हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी और व्यापार के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

व्यवसायियों का आरोप है कि पूरे बाजार में कचरे का ढेर लगा हुआ है, जो संक्रमण फैलाने वाली बीमारियों को न्योता दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र की सफाई के लिए हर महीने लगभग 14 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था नदारद है।

इस संबंध में नगर पंचायत चम्पानगर की कार्यपालक पदाधिकारी सुमन सौरभ ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# केनगर पुलिस ने अलग अलग मामलों मे चार को किया गिरफ्तार : न्यायिक हिरासत मे भेजा



**न्यूज स्केल केनगर**

केनगर थाना पुलिस ने शनिवार एवं रविवार को दो अलग अलग मामले में तथा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर से चार व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बेला रिकावगंज पंचायत के वार्ड संख्या- 1 स्थित बेला गाँव निवासी बलराम यादव के 25 वर्षीय पुत्र रविन्द्र कुमार यादव एवं झुन्नी कला पंचायत के वार्ड संख्या--1 झुन्नी कला गाँव के सीताराम यादव के 35 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार यादव और गढिया बलुआ पंचायत के गढिया बलुआ गाँव निवासी लखन यादव के 35 पुत्र नीरज कुमार यादव एवं नया टोला रिकावगंज गाँव निवासी रघुनंदन यादव के 22 वर्षीय पुत्र अंशु उर्फ राणा यादव है।बताया कि रविन्द्र कुमार यादव एवं कुंदन कुमार यादव को शराब के नशे में हो हंगामा करने के आरोप में तथा नीरज कुमार यादव एवं अंशु उर्फ राणा यादव को थाना कांड से फरार चलने पर न्यायालय से जारी वारंट आदेश पर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारो गिरफ्तार आरोपितों को कर रविवार को न्यायिक हिरासत पूर्णिया भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्लेस ऑफ सेफ्टी व विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

## निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान में रह रहे बच्चों की सुरक्षा, सुविधा एवं पुनर्वास व्यवस्था का जायजा लेना था।

**न्यूज स्केल किशनगंज**

**जिलाधिकारी ने किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।**

---------------

**संस्थान में रिकॉर्ड संधारण और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**

---------------





जिलाधिकारी श्री विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने जिले में स्थित प्लेस ऑफ सेफ्टी एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थानों में रह रहे बच्चों की सुरक्षा, सुविधा एवं उनके समुचित पुनर्वास की स्थिति का जायजा लेना था। अधिकारियों ने संस्थान में उपलब्ध संसाधनों, साफ-सफाई व्यवस्था एवं प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।

**बच्चों की देखभाल और सुविधाओं की जांच** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां रह रहे बच्चों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को भी सुना। भोजन, आवास, स्वास्थ्य सुविधा एवं शिक्षा की उपलब्धता की बारीकी से जांच की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी आवश्यक सुविधाएं मानक के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं।

**सुरक्षा व्यवस्था और संस्थान प्रबंधन पर जोर**:पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार ने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं प्रवेश-निकास व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की बाहरी अनियमितता पर सख्त निगरानी रखी जाए।

**प्रशासनिक निर्देश एवं सुधार के आदेश**: निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी श्री विशाल राज ने संस्थान प्रबंधन को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और बच्चों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही संस्थान को और अधिक बाल-हितैषी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम शीघ्र लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

# एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि

**न्यूज स्केल किशनगंज**



जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। वर्तमान में जिले में 7993 से अधिक एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

**होम डिलीवरी व्यवस्था फिर से सक्रिय**: प्रशासन ने जानकारी दी कि गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सेवा को पुनः सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। अब उपभोक्ता घर बैठे आसानी से बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें 2 से 3 दिनों के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे लोगों को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

**कंट्रोल रूम और शिकायत निवारण व्यवस्था**: जनसुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। इसका दूरभाष नंबर 06456-225152 है। एलपीजी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें।

**कालाबाजारी पर सख्त निगरानी**: जिले में कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# छह किलो तस्करी के गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। सशस्त्र सीमा बल के 56 वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी जोगबनी ने सीमा पार तस्करी कर लाए जा रहे छह किलो तस्करी के गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर सुपौल जिला के बलुआ बाजार थाना क्षेत्र के तुलसीपट्टी वार्ड संख्या 13 का रहने वाला कुमोद कुमार दास है।

एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक महावीर प्रसाद के नेतृत्व में नाका गश्ती टीम ने टिकुलिया बस्ती के पास से तस्कर को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार तस्कर पैदल हो नेपाल से काला प्लास्टिक में गांजा को लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया था। एसएसबी ने यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 180 के नजदीक बॉर्डर से दस मीटर की दूरी पर की।रविवार को एसएसबी ने जब्ती के दस्तावेज तैयार कर गांजा सहित तस्कर को जोगबनी थाना के सुपुर्द कर दिया। जोगबनी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर आरोपी तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

# प्रेम-प्रसंग में अपहरण कर हत्या, महिला समेत तीन आरोपित गिरफ्तार



**कटिहार**, (हि.स.)। जिले के प्राणपुर पुलिस ने प्रेम-प्रसंग में अपहरण के बाद हुई हत्या की गुत्थी 48 घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने मामले में एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**क्या है मामला**: बीते 8 अप्रैल को बादल कुमार रविदास ने प्राणपुर थाना में अपने भाई इंद्रक कुमार रविदास (26) के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार इंद्रक 08 अप्रैल की शाम करीब 08 बजे केहूनिया की ओर गया था और वापस नहीं लौटा। तलाश के दौरान बसनी पुल के पास उसकी बाइक, चाभी और गमछा मिला। जांच में पता चला कि इंद्रक संजना देवी नामक महिला से मिलने गया था। संजना का अन्य व्यक्ति से भी संबंध था, जिसको लेकर पहले विवाद हो चुका था।

**साजिश रचकर की हत्या** पूछताछ में सामने आया कि संजना देवी ने दोनों सह-अभियुक्तों के साथ मिलकर साजिश रची। तीनों ने मिलकर इंद्रक का अपहरण किया और बाद में उसकी हत्या कर दी।

**48 घंटे में खुलासा**: वादी के संदेह पर प्राणपुर थाना कांड संख्या-118/26 दर्ज कर जांच शुरू हुई। एसपी कटिहार के निर्देश पर एसडीपीओ सदर-1 के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संजना देवी।(24), पति- जितेन्द्र केवट, अमरजीत कुमार (23), पिता- बदरी केवट उर्फ राजेन्द्र एवं मोहन कुमार (21), पिता- देवीलाल केवट को गिरफ्तार कर लिया। सभी ग्राम केहूनिया केवट टोला, थाना प्राणपुर, जिला कटिहार के निवासी हैं।

# एडीजी सीआईडी ने अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर



**कटिहार**, (हि.स.)। अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग) ने रविवार को कुर्सेला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने अनुसंधानकर्ता एवं थानाध्यक्ष के डायरी लेखन कार्य, ई-साक्ष्य, ई-ऑफिस, मालखाना, प्रदर्श आदि कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने हाजत और थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी गहन अवलोकन किया।

इस मौके पर एडीजी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कटिहार शिखर चौधरी, सदर -2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन सिंह सहित जिले के कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# किशनगंज पुलिस की नई पहल, हर थाने में शिकायत पेटी और क्यूआर कोड से दर्ज होगी शिकायत



**किशनगंज**, (हि.स.)। जिले में आम जनता की शिकायतों और सुझावों को सीधे पुलिस तक पहुंचाने के लिए किशनगंज पुलिस ने नई पहल शुरू की है। अब जिले के सभी थानों में शिकायत पेटी लगाई जाएगी, साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से भी लोग अपनी शिकायत और सुझाव दर्ज करा सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने इस नई व्यवस्था की शुरुआत करते हुए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि अगले सप्ताह तक जिले के सभी थानों में शिकायत पेटी और क्यूआर स्कैन कोड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नई व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति थाने में लगे क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकेगा। इसके अलावा, जो लोग लिखित रूप से शिकायत करना चाहते हैं, वे अपनी समस्या लिखकर शिकायत पेटी में डाल सकते हैं। शिकायत पेटियों को प्रतिदिन शाम में थानाध्यक्ष या वरीय पुलिस अधिकारी द्वारा खोला जाएगा और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। एसपी संतोष कुमार ने बताया कि कई बार आम नागरिक अपनी शिकायतें बताने में झिझकते हैं। इस नई व्यवस्था के माध्यम से लोग बिना किसी संकोच के अपनी बात पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधार तुरंत किए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी पहल की जा रही है। एसपी ने यातायात थानाध्यक्ष को जिले के विभिन्न चेकिंग प्वाइंट चिन्हित कर वहां भी क्यूआर कोड और स्कैनर लगाने का निर्देश दिया है। यह व्यवस्था इसी माह के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक लागू किए जाने की संभावना है। नई प्रणाली लागू होने के बाद वाहन जांच के दौरान चालान की राशि भी लोग क्यूआर कोड के माध्यम से तुरंत जमा कर सकेंगे। इसके अलावा वाहन चेकिंग को प्रभावी बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और मोबाइल एप का भी इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस की इस नई पहल से आम जनता और पुलिस के बीच संवाद बेहतर होने के साथ-साथ शिकायतों के त्वरित समाधान की उम्मीद जताई जा रही है

# बूढ़ी कनकई से अवैध बालू खनन, जांच का विषय बना मामला



**किशनगंज**, (हि.स.)। पौआखाली थाना क्षेत्र के पवना में बूढ़ी कनकई नदी से अवैध बालू खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यहां दिन-रात नियमों की अनदेखी कर बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

बताया जाता है कि अवैध खनन के बाद बालू का परिवहन खुलेआम पौआखाली नगर बाजार होकर किया जा रहा है। इस दौरान बिना जीपीएस नंबर वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो खनन नियमों के विरुद्ध है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय एक युवक ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि पूर्व में पवना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, लेकिन अब उसका असर खत्म हो चुका है। इसके उलट बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं और वे दिन के उजाले में ही खुलेआम खनन और परिवहन कर रहे हैं।सूत्रों का यह भी कहना है कि अवैध बालू खनन से कुछ लोगों की आर्थिक स्थिति अचानक मजबूत हुई है। जिनके पास पहले सीमित संसाधन थे, वे अब कई वाहन और अन्य संपत्तियों के मालिक बन गए हैं। इससे स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर इस अवैध कारोबार से किन-किन लोगों को फायदा पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि अवैध खनन के पीछे किन लोगों का हाथ है और किनके संरक्षण में यह धंधा फल-फूल रहा है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को लेकर कब तक सख्त कदम उठाता है और बूढ़ी कनकई नदी में चल रहे अवैध बालू खनन पर लगाम लगाने में कितना सफल होता है।

# कटिहार रेलमंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान, सैकड़ों बेटिकट यात्री धराए



**कटिहार**, (हि.स.)। कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह के निर्देश और सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा कटिहार रेलमंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

रविवार को एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाणिज्य टीम ने कटिहार-पूर्णिया सेक्शन में चलाए गए टिकट चेकिंग अभियान के दौरान आधा दर्जन ट्रेनों की जांच की। इस दौरान सैकड़ों बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे जुर्माना वसूला गया।

सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने यात्रियों से अपील की कि बिना टिकट यात्रा कानूनी अपराध है, इसलिए उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें और अपनी यात्रा सुखद बनाएं। उन्होंने कहा कि कटिहार रेलमंडल में यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

अभियान के दौरान सीटीआई रवि कुमार, पवन कुमार, सुमन कुमार, फूलों कुमार सहित दर्जनों वाणिज्य कर्मी मौजूद थे।गौरतलब है कि बीते वर्ष कटिहार रेलमंडल ने टिकट चेकिंग से सर्वाधिक रेल राजस्व अर्जित कर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया था।

# सोशल मीडिया पर चाकू लहराकर धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज



**अररिया** (हि.स.)। सोशल मीडिया पर शनिवार को एक युवक द्वारा तेज धारदार चाकू लहराकर खुलेआम हत्या कर देने की धमकी दे रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को एसपी जितेन्द्र कुमार ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लिया और 39 वर्षीय युवक सोहराब पिता सफीक के खिलाफ महलगांव थाना में कस दर्ज करवाया।

केस महलगांव थाना के इसरखा वार्ड संख्या छह के रहने वाले पनबुल्ला पिता मो.नजमुद्दीन के लिखित आवेदन पर दर्ज किया गया। थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया गया कि बैरगाछी थाना क्षेत्र के बोची बटुरवाड़ी के रहने वाले 30 वर्षीय सोहराब पिता सफीक का ससुराल इनके घर के बगल में ही है। सोहराब से चले आ रहे पूर्व के विवाद को लेकर सोहराब बेंगलोर

से अपने वाट्सएप्प एवं फेसबुक के माध्यम से विडियो तैयार कर हाथ में चाकू लेकर जान मारने की धमकी देते हुए तरह-तरह की धमकी एवं भद्दी-भद्दी गाली गलौज की है। आवेदक के लिखित आवेदन के आधार पर महलगांव थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ करने की बात एसपी जितेन्द्र कुमार ने दी।

# भागलपुर में ब्राउन शुगर के साथ 5 आरोपित गिरफ्तार



**भागलपुर**, (हि.स.)। जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने दी।एसएसपी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत की गई पहली कार्रवाई कहलगांव थाना क्षेत्र में की गई जहां गुप्त सूचना के आधार पर शिव पार्वती नगर स्थित एक घर में छापेमारी की गई। मौके पर चार आरोपी अवैध मादक पदार्थ की पैकिंग करते पकड़े गए।पुलिस को इनके पास से 58.028 ग्राम ब्राउन शुगर, 270 पीस नशीली टैबलेट, मोबाइल फोन, नकद राशि, सिल्वर पेपर, वेट मशीन सहित अन्य सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कुमार, गोविंद कुमार, सोनू कुमार और राजा कुमार शामिल हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई बबरगंज थाना क्षेत्र में की गई जहां अलीगंज महेशपुर हरिजन टोला में छापेमारी कर एक आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 313.25 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन, 13,300 रुपये नकद और वेट मशीन बरामद की गई।गिरफ्तार आरोपितं अभिषेक कुमार है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# लग्न सीजन की आहट से बाजार गुलजार, श्रृंगार से लेकर आभूषण व बर्तन तक में उमड़ी भीड़

**शादियों की तैयारी जोरों पर, कपड़े, ज्वेलरी, फर्नीचर व कैटरिंग कारोबार में आई तेजी**

**न्यूज स्केल, सुपौल**

जैसे ही लग्न सीजन नजदीक आ रहा है, त्रिवेणीगंज के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत से पहले ही लोगों ने खरीदारी तेज कर दी है। शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। खासकर महिलाएं खरीदारी में सबसे आगे नजर आ रही हैं और वे शृंगार सामग्री, परिधान और आभूषण की जमकर खरीदारी कर रही हैं।

### बैंड-बाजा, टेंट और कैटरिंग कारोबार में तेजी:

शादी से जुड़े अन्य व्यवसायों में भी जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। बैंड-बाजा, टेंट हाउस, कैटरिंग, हलवाई, वाहन ऑपरेटर, ब्यूटी पार्लर, फोटो-वीडियो और सजावट सेवाओं की एडवांस बुकिंग पहले ही हो चुकी है। मंडप सजावट से जुड़े संतोष कुमार के अनुसार एक शादी के लिए 15 से 35 हजार रुपये तक की बुकिंग हो रही है। वहीं ब्यूटीशियन नेहा राज का कहना है कि दुल्हन मेकअप के लिए 5 से 15 हजार रुपये तक चार्ज लिया जा रहा है। बैंड टीमों की मांग भी बढ़ी है और एक शादी के लिए 21 से 30 हजार रुपये तक का खर्च आ रहा है। कुल मिलाकर लग्न सीजन की शुरुआत से पहले ही त्रिवेणीगंज का बाजार पूरी तरह सक्रिय हो गया है और हर वर्ग के लोग अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी में जुटे हुए हैं।



**परिधान और शृंगार दुकानों पर महिलाओं की भीड़**: साड़ी, लहंगा और डिजाइनर परिधानों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। दुल्हन के लिए विशेष शृंगार सामग्री के साथ-साथ सामान्य सौंदर्य प्रसाधनों की भी मांग बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार इस समय ग्राहकों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक हो गई है। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रही हैं, जिससे बाजारों में चहल-पहल बनी हुई है।

**सोना-चांदी की खरीदारी में बढ़ी रुचि**: आभूषण बाजार में भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खरीदारी पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। आभूषण विक्रेता गणेश स्वर्णकार के अनुसार, वर्तमान में सोना लगभग 1.54 लाख रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी करीब 2200 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बिक रही है। ग्राहक खासकर शादी के लिए चेन, अंगूठी और अन्य गहनों की खरीद में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। कई परिवार पहले से ही एडवांस बुकिंग और ऑर्डर देकर गहने तैयार करवा रहे हैं।



**बर्तन, फर्नीचर और सजावट के सामान की मांग**: लग्न सीजन के चलते बर्तन और फर्नीचर की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। बर्तन दुकानदारों के अनुसार ड्रम सेट और बड़े बर्तनों की मांग सबसे अधिक है, जिनकी कीमत 5 से 6 हजार रुपये तक है। इसके अलावा सोफा, कुर्सी, बेड और अन्य घरेलू उपयोग के सामान की बिक्री में भी तेजी आई है। शादी के लिए घर सजाने और नई व्यवस्था बनाने की तैयारी में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों को अच्छा लाभ मिल रहा है।

## चार वारंटी भेजे गए जेल



**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

मुख्यालय पुलिस ने थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र के बभनगामा गांव से चार इश्तहार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बभनगामा गांव के वारंटी रंजीत ठाकुर - पिता जोगेंद्र ठाकुर, उमेश ठाकुर - पिता चिंटु ठाकुर, बबलू ठाकुर - पिता जोगेंद्र ठाकुर और विजय ठाकुर - पिता उमेश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चारों वारंटियों को जेल भेज दिया गया है।

## सुपौल में भीषण चोरी : चकडुमारिया गांव में लाखों के जेवरात और नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ





**न्यूज स्केल सुपौल**

सदर थाना क्षेत्र से महज एक किलो मीटर दूर स्थित चकडुमारिया गांव में शनिवार की देर रात भीषण चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

पीड़िता गृहस्वामी लक्ष्मी देवी ने बताया कि शनिवार रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सो गया था। इसी दौरान देर रात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी और बक्सों को खंगाल डाला। चोरों ने सोना-चांदी के कीमती जेवरात, नगदी रुपए सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी रविवार सुबह करीब 6 बजे तब हुई जब परिवार के सदस्य नींद से जागे और घर का सामान बिखरा हुआ पाया।

घटना के बाद तुरंत इसकी सूचना सुपौल सदर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष रामसेवक रावत अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना से इतनी नजदीक घटना होना पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## एसएसबी ने 72 लीटर नेपाली शराब किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**न्यूज स्केल सुपौल**



45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी फतेहपुर द्वारा भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए 72 लीटर नेपाली शराब जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में गौरव सिंह कमांडेंट 45वीं वाहिनी बीरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी फतेहपुर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की संभावना है। सूचना के आधार पर एक विशेष नाका दल का गठन कर चिन्हित स्थान सीमा स्तम्भ संख्या 204/1 के समीप सघन निगरानी शुरू की गई।

तभी नाका पार्टी ने देखा की एक संदिग्ध व्यक्ति नेपाल से भारत की ओर अपने सिर पर बोरी लेकर आते हुए दिखाई दिया। जैसे ही व्यक्ति सुरक्षा बल के पास पहुंचा तो व्यक्ति को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम परमेश्वर मुखिया, निवासी ग्राम साहेबान, जिला सुपौल बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 72 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई।

बरामद शराब एवं गिरफ्तार तस्कर को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत मध्य निषेध विभाग, सिमराही को सुपुर्द कर दिया गया।

इस अभियान में उप निरीक्षक गिरींद्र कुमार बोरा एवं अन्य जवानों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारत–नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

## भुगतान नहीं मिला तो प्रोफेसरों का विरोध : बीएसएस कॉलेज सुपौल में कॉपी जांच से किया इनकार

**न्यूज स्केल सुपौल।**



जिले के बीएसएस कॉलेज सुपौल में कॉपी जांच को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व में किए गए मूल्यांकन कार्य का भुगतान अब तक नहीं मिलने से नाराज प्रोफेसरों ने रविवार को कॉपी जांच करने से साफ इनकार कर दिया है।

शिक्षकों का कहना है कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वे किसी भी तरह की कॉपी जांच प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे।

प्रोफेसर शिव नन्दन यादव ने बताया कि पूर्व परीक्षा सत्र में पूरी जिम्मेदारी के साथ कॉपियों का मूल्यांकन किया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक पारिश्रमिक नहीं मिला है। इससे शिक्षकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि बार-बार संबंधित विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

कॉलेज परिसर में शिक्षकों की बैठक भी हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भुगतान मिलने तक मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आगे भी आंदोलन तेज कर सकते हैं।

इस निर्णय का असर आगामी परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य पर पड़ सकता है, जिससे छात्रों के रिजल्ट में देरी होने की आशंका है। वहीं, छात्रों और अभिभावकों में भी चिंता का माहौल देखा जा रहा है।

इस मामले पर कॉलेज प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, स्थिति को जल्द सामान्य करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## सड़क निर्माण में अनियमितता, बीडीओ ने जांच कर डीएम को लिखा पत्र

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**





प्रखंड के तेकुना पंचायत में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत बन रही सड़क में अनियमितता का मामला सामने आया है, जो अब जिलाधिकारी तक पहुंच गया है। यह सड़क कुशियैत बांसबाड़ी से तांती टोला तक 1845 मीटर लंबाई में बनाई जा रही है। करीब 1 करोड़ 65.26 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि एक ओर सरकार गुणवत्ता को लेकर सख्त है, वहीं दूसरी ओर संवेदक द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है।

ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि स्थल पर ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता मौजूद नहीं थे और पूरा कार्य केवल मजदूरों के भरोसे चल रहा था। तकनीकी निगरानी के अभाव में कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बीडीओ ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इसकी सूचना जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो और लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

## भीमपुर में एनएच-27 किनारे अवैध डीजल-पेट्रोल बिक्री का धंधा जारी, प्रशासन पर उठे सवाल

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार ।**



जिला के भीमपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 किनारे खुलेआम डीजल-पेट्रोल की अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से गुजरने वाले कई ट्रक चालक कम कीमत पर चोरी का पेट्रोल-डीजल सड़क किनारे दुकानदारों को बेच देते हैं। इसके बाद उक्त दुकानदार उसी ईंधन को ऊंचे दामों पर आम लोगों को बेच रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है और इसमें कई लोग संलिप्त हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह गतिविधि खुलेआम हो रही है, बावजूद इसके स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि भीमपुर थाना के अधिकारियों की नजर के सामने यह धंधा फल-फूल रहा है, फिर भी इसे रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।कुछ ग्रामीणों कहना है कि इस अवैध कारोबार में प्रशासनिक मिलीभगत के इशारे पर ही यह एनएच मार्ग पर चोरी का लुका छिपी खेल हो रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि एनएच 27 मुख्य मार्ग 24 घंटे अत्यंत व्यस्त सड़कों में शुभार किया जाता है लेकिन राष्ट्रीय मार्ग पर घंटो वाहनों से चोरी करके तेल बेचने के चक्कर मे कभी भी भारी दुर्घटना घटित हो सकती है । ऐसे में स्थानीय थाने पर सवाल उठना लाजमी है।हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस अवैध बिक्री से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे सड़क सुरक्षा और आम उपभोक्ताओं के लिए भी खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि इस अवैध धंधे पर जल्द से जल्द रोक लगाई जा सके।

## मक्का खेत देखने गए किसान की बाइक चोरी, थाने में शिकायत दर्ज

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार ।**

बलुआ थाना क्षेत्र के विशनपुर शिवराम पंचायत के वार्ड संख्या 11 से शनिवार की सुबह एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार किसान जय नारायण मुखिया अपने मक्का के खेत को देखने के लिए बाइक लगाकर खेत में गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। जब किसान खेत से वापस लौटे तो देखा कि उनकी बाइक मौके से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद पीड़ित बाइक मालिक विशनपुर घनश्याम वार्ड 11 निवासी जय नारायण मुखिया ने बलुआ थाना पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई और न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में बाइक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरी में शामिल लोगों की पहचान की जाएगी।

## हथियार के बल पर बाइक सवार दंपती से लूट, बाइक-मोबाइल व नकद लेकर बदमाश फरार

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार ।**

बलुआ थाना क्षेत्र के 58 आरडी कोसी मुख्य नहर के स्टेट हाईवे 91 मुख्य मार्ग के पास शनिवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने हथियार के बल पर बाइक सवार दंपती से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया।

जानकारी अनुसार पीड़ित वीरपुर थाना क्षेत्र का निवासी है, जो त्रिवेणीगंज गंज ड्यूटी करने के बाद अपने बाइक से घर बीरपुर लौट रहा था। इसी दौरान बलुआ थाना क्षेत्र के 58 आरडी नहर के पास घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और हथियार सटाकर बाइक, मोबाइल फोन तथा करीब पाँच हजार रुपये नकद लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित करण राऊत ने बलुआ थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित बाइक दंपति करण राऊत के पिता प्रमोद राउत ने बताया कि करण त्रिवेणीगंज से ड्यूटी के बाद आपने घर वीरपुर लौट रहा था ।इसी दौरान पूर्व से घात लगाएं बदमाशों ने करण को 58 आरडी मुख्य नहर केनाल के पास रोक लिया और उन्हें हथियार सटाकर उनका बाइक , मोमाइल सहित नगद पाँच हजार रुपये लूट कर फरार हो गए । उन्होंने बताया कि बदमाश पाँच से सात की संख्या में थे । उधर घटना के बाद पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है तथा बदमाशों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उधर बाइक दंपती के साथ हुई लूटकांड के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है ।लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में आये दिन बदमाशों की सक्रियता बढ़ गयी है । लोगो ने पुलिस प्रशासन से ऐसे बदमाशों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध शख्त कारवाई करने की मांग की है ताकि लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

# सीवान में अपराध समीक्षा बैठक: सख्त निर्देश, तेज होगी कार्रवाई

**सीवान,** (हि.स.)। एसपी पुरन कुमार झा द्वारा माह मार्च 2026 की अपराध गोष्ठी का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

गोष्ठी में जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए। बैठक में हत्या, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों के त्वरित निष्पादन और आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने पर जोर दिया गया।



साथ ही सभी थानाध्यक्षों को सक्रिय रहकर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

जिले में विशेष अभियान चलाकर वारंट, सम्मन और कुर्की के निष्पादन के निर्देश दिए गए। असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा अपराध से अर्जित संपत्ति जब्ती की कार्रवाई तेज करने पर भी जोर दिया गया। ईआरएसएस के तहत प्राप्त शिकायतों पर हर हाल में 15 मिनट के अंदर रिस्पॉन्स देने, थानों में आने वाले लोगों के साथ शालीन व्यवहार रखने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया गया। आगंतुक पंजी संधारण को भी अनिवार्य रूप से लागू करने को कहा गया।

पुलिस पदाधिकारियों को नियमित गश्ती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी तथा वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बेहतर कार्य करने वाले पांच पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं बसंतपुर थानाध्यक्ष को "एसएचओ ऑफ द मंथ" घोषित किया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

# एलपीजी सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता के निर्देश, बुकिंग क्रम से हो आपूर्ति

**न्यूज स्केल पश्चिमी चंपारण**

पश्चिमी चंपारण जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों के वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने हाइब्रिड मोड में तेल कंपनियों और गैस वितरक एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को केवल बुकिंग क्रम के आधार पर ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।



**24 घंटे में 12,474 सिलेंडरों की होम डिलीवरी:** जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि बीते 24 घंटों में जिले भर में कुल 12,474 एलपीजी सिलेंडरों की सफल होम डिलीवरी की गई है। वितरण प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने के लिए संबंधित एजेंसियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर सेवा मिल सके।

**शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश:** प्रशासन ने बताया कि उपभोक्ताओं से प्राप्त 53 शिकायतों को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भेज दिया गया है। इन शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। समस्या होने पर उपभोक्ता जिला कंट्रोल रूम के नंबर 06254-247002 और 06254-247003 पर संपर्क कर सकते हैं।

**जिले में पर्याप्त स्टॉक और सामान्य आपूर्ति:** बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में 29,399 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

## ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन की मौत



**सोन,** (हि.स.)। जिले में सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बढ़ैयाबाग में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के रहने वाले हैं, जिनमें परमानंद कुमार (25), खुशबू देवी (30) एवं लगभग काव्या कुमारी (02) शामिल है।ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार भिड़ंत में यह घटना घटी।पुलिस के अनुसार बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से भाग रहे ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त कर लिया गया है । आगे की कार्रवाई चल रही है।बताया जाता है कि तीनों लोग दादी के श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी, जिसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी। इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से महिलाओं को मिलेगा सशक्त प्रतिनिधित्व : मैथिली ठाकुर

**मुजफ्फरपुर,** (हि.स.)। बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला पूर्वी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रसिद्ध गायिका एवं भाजपा की विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि नए (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) कानून के तहत लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें



आरक्षित की जाएंगी। यह पहल महिलाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी देने और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के उद्देश्य से की गई है। मैथिली ठाकुर ने इस फैसले को खासकर अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य वर्गों की महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि इससे वे समाज की मुख्यधारा में मजबूती से आगे आ सकेंगी।

उन्होंने कहा कि इस आरक्षण से महिला सशक्तिकरण को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में देश के विकास में महिलाओं की भूमिका और अधिक प्रभावशाली होगी।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा और पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया।

## नवादा के रजौली चेकपोस्ट पर 17 घंटे का छापा, 20 ट्रक जब्त;

**नवादा,** (हि.स.)।पटना-रांची रोड एनएच-20 पर स्थित रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली समेकित जांच चौकी पर रविवार को जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 घंटे तक विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पटना से पहुंचे जीएसटी विभाग के वरीय अधिकारियों की टीम ने कुल 20 ट्रकों को जब्त कर लिया।

जब्त किए गए ट्रकों में अधिकांश में कोयला लदा हुआ था, जबकि अन्य ट्रकों में लोहा सहित विभिन्न प्रकार की सामग्री लदी पाई गई। अधिकारियों ने रविवार को तीसरे पर पत्रकारों की जानकारी दी।बताया जाता है कि यह विशेष अभियान देर रात से शुरू होकर लगातार 17 घंटे तक चला, जिसमें जांच के दौरान कई ट्रकों के कागजातों में गड़बड़ी और कर से संबंधित अनियमितताएं सामने आईं। कार्रवाई के बाद ट्रक चालकों और वाहन मालिकों के बीच हड़कंप मच गया। खासकर वे चालक और मालिक जो अवैध तरीके से चेकपोस्ट पार करने की कोशिश करते हैं, उनमें दहशत का माहौल देखा जा रहा है।इससे दो दिन पहले



ही नवादा खनन विभाग की टीम ने भी कार्रवाई करते हुए कोयला लदे पांच ओवरलोड ट्रकों को जब्त किया था। उस कार्रवाई में लगभग 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। लगातार हो रही इस तरह की सख्त कार्रवाई से बिहार-झारखंड की सीमा से सटे चेकपोस्टों पर भी हलचल तेज हो गई है।

इस संबंध में जिला विभाग के अधिकारी रवनीश कुमार ने बताया कि कर चोरी और अवैध परिवहन को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

## नालंदा में एलपीजी आपूर्ति, पीएनजी विस्तार और निगरानी व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की अहम जानकारी

**न्यूज स्केल नालंदा**

नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। जिले की कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**बुकिंग व्यवस्था और लंबित आपूर्ति पर निर्देश:** जिला पदाधिकारी ने बताया कि



शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के भीतर रिफिलिंग आवेदन की व्यवस्था लागू है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन किया जाए और बैकलॉग को 2 से 3 दिनों के स्तर तक लाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके।

**वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक गैस व्यवस्था:** खरमास के बाद बढ़ते वैवाहिक और सामाजिक आयोजनों को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। रसोईया और कैटरर्स को निबंधन कराना अनिवार्य होगा। वहीं, विवाह आयोजकों को शादी के कार्ड के साथ आवेदन देना होगा, जिसमें गैस आवश्यकता और अनुमानित लोगों की संख्या का उल्लेख करना होगा। यह गैस केवल वैवाहिक कार्यक्रमों में ही उपयोग होगी।

**पीएनजी विस्तार और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था:** जिले के बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। कई वार्डों में पाइपलाइन पूरी हो चुकी है और कनेक्शन दिए जा रहे हैं। साथ ही एलपीजी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर टोल-फ्री कंट्रोल रूम (06112-233168) संचालित है, जहां उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## नवादा के कौआकोल बाजार में कपड़ा दुकान में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**नवादा,** (हि.स.)। जिले में कौआकोल बाजार स्थित रिहायशी इलाके में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब सखी सहेली वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान में अचानक आग लग गई।आग लगने की वजह बिजली के शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, दुकान एवं मकान के मालिक उपेन्द्र कुमार उर्फ चुनीम साव,पिता बाबूलाल साव के घर-सह-दुकान में अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर धुएं



से भर गया। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि घर में मौजूद लोगों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग की चपेट में आकर घर में रखी साइकिल,दुकान में रखे बड़ी मात्रा में रेडीमेड कपड़े, फर्नीचर,दरवाजे समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के घरों को बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।

# पीपराकोठी में संगठित बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़,दस गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** (हि.स.)। पीपराकोठी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक संगठित बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीएसपी सदर-2 जितेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।

**-आठ बाइक व नौ मोबाइल बरामद**



**छापेमारी में चोरी की 8 बाइक और 9 मोबाइल बरामद**

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की कुल 8 बाइक और 9 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में हीरो स्प्लेंडर और टीवीएस कंपनी की बाइक शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

**आर्मी अधिकारी की बाइक से खुला पूरे गिरोह का राज**

थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि सुगौली थाना कांड संख्या 205/26 के तहत 10 अप्रैल को चोरी हुई एक आर्मी अधिकारी की हीरो स्प्लेंडर बाइक की लोकेशन पीपराकोठी थाना क्षेत्र के ढेकहाँ बेला कॉलोनी में मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद डीएसपी के नेतृत्व में टीम ने ढेकहाँ स्थित शिव कुमार बनर्जी उर्फ गोधो के घर छापेमारी कर बाइक बरामद की और उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की जानकारी दी।

**10 आरोपी गिरफ्तार, नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा**

उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राम मांझी, शिव कुमार बनर्जी, अरुण कुमार, काशीनाथ दास, पिंटू कुमार, रूपचंद कुमार, भागीरथ कुमार, राजेश कुमार, टुनु कुमार और रामविनय पंडित शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह चोरी की बाइक को कम कीमत पर बेचता था या उसके पार्ट्स अलग कर बिक्री करता था। पुलिस ने पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की बात कही है।

# महाराजगंज में 48 नीलगायों को मार गिराया, किसानों को मिली राहत

**सीवान** (हि.स.)। सीवान जिले के महाराजगंज प्रखंड अंतर्गत तक्कीपुर एवं आसपास के पंचायतों में शनिवार की रात प्रशासन की देखरेख में एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकृत शूटरों की टीम ने 48 नीलगायों (घोड़परास) को मार गिराया। यह कार्रवाई किसानों की फसलों को लगातार हो रहे भारी नुकसान को देखते हुए की गई।

**फसल नुकसान से परेशान किसानों की मांग पर कार्रवाई**

स्थानीय किसानों का कहना है कि नीलगायों के झुंड हर वर्ष उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे थे। अकेले तक्कीपुर पंचायत में ही हर साल लगभग 50 लाख रुपये



से अधिक की फसल बर्बाद हो जाती थी। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करते थे, लेकिन फिर भी फसलें सुरक्षित नहीं रह पाती थीं। इस समस्या को लेकर मुखिया माधुरी देवी ने पहले पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया और बाद में जिलाधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी।

**कानूनी अनुमति के बाद हुई कार्रवाई:** वन विभाग ने सरकारी दिशा-निर्देशों और वन्यजीव प्रबंधन नीति के तहत इस अभियान की अनुमति दी। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 62 के तहत फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले नीलगायों को उपद्रवी घोषित कर उन्हें नियंत्रित करने का प्रावधान है। प्रशासनिक स्वीकृति के बाद अधिकृत शूटरों को बुलाकर यह कार्रवाई पूरी की गई।

**दफन प्रक्रिया और प्रशासनिक बयान:**

अभियान के बाद सभी नीलगायों के शवों को पंचायत की देखरेख में गांव से बाहर दफनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी बालेंदु नारायण पांडेय ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है और भुगतान पंचायत की 15वीं वित्त योजना मद से किया जाता है। वहीं, इस कदम से किसानों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, हालांकि वन्यजीव संरक्षण के नजरिए से कुछ लोगों ने इस पर सवाल भी उठाए हैं।

# 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 28 अगस्त को होगा समापन; 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू



**नई दिल्ली,** (हि.स.)जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि इस वर्ष पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त 2026 को समाप्त होगी। इस बार यात्रा की अवधि लगभग 57 दिनों की होगी, जो पिछले वर्षों की तुलना में अधिक मानी जा रही है। उपराज्यपाल ने लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह निर्णय श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (SASB) की बैठक में लिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

**15 अप्रैल से शुरू होगा पंजीकरण:** श्रद्धालुओं के लिए यात्रा में शामिल होने हेतु पंजीकरण अनिवार्य रहेगा, जो 15 अप्रैल से शुरू होगा। पंजीकरण की सुविधा देशभर में नामित लगभग 556 बैंक शाखाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और एक्सिस बैंक प्रमुख हैं। इसके अलावा श्रद्धालु एसएएसबी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकेंगे।

**आयु सीमा और नियम**

यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की न्यूनतम आयु 13 वर्ष और अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा, ताकि कठिन पहाड़ी यात्रा के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके।

**दो प्रमुख मार्गों से होगी यात्रा**

यह तीर्थयात्रा दो मार्गों से संचालित होगी। पहला, पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग जो अनंतनाग जिला से होकर गुजरता है। दूसरा, छोटा लेकिन अधिक कठिन 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है, जो गांदरबल जिला में स्थित है।

उपराज्यपाल ने यह भी बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 19 जून को पहली पूजा संपन्न होगी, जिसके साथ ही धार्मिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और यात्री सुविधाओं को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।

# टॉप 10 में शामिल देश की 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 4.13 लाख करोड़ की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)नई दिल्ली, 12 अप्रैल (हि.स.)। पिछले कारोबारी सप्ताह में शेयर बाजार में हुई जोरदार खरीदारी के चलते देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 4.13 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ, जबकि दूसरे स्थान पर आईसीआईसीआई बैंक रही।बाजार पूंजीकरण में बढ़त पाने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल रहीं।वहीं केवल दो कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई, जिनमें इंफोसिस और देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। सप्ताह के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज 18.27 लाख करोड़ रुपये के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस का स्थान रहा। कुल मिलाकर बाजार में बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर ने मजबूत प्रदर्शन किया, जबकि आईटी सेक्टर पर हल्का दबाव देखा गया।

# अप्रैल में भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी, 10 अप्रैल तक बेचे 48,213 करोड़ रुपये के शेयर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली लगातार जारी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल 2026 तक एफपीआई ने अप्रैल महीने में ही 48,213 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की है। इससे पहले अप्रैल के शुरुआती दो दिनों में ही 19,837 करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई थी, जबकि बाद के पांच कारोबारी दिनों में 28,376 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। मार्च 2026 में भी एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली कर दी थी, जो अक्टूबर 2024 के 94,017 करोड़ रुपये के पुराने रिकॉर्ड से अधिक है।

हालांकि फरवरी 2026 में विदेशी निवेशकों ने 22,615 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की थी, जो पिछले कई महीनों में सबसे बड़ी खरीद मानी गई थी। इसके बावजूद कुल मिलाकर विदेशी निवेशकों का रुझान लगातार नकारात्मक बना हुआ है और वे भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, विशेषकर पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका-इजराइल विवाद, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपये की कमजोरी इस बिकवाली के प्रमुख कारण हैं। बाजार जानकारों के अनुसार जब तक वैश्विक हालात स्थिर नहीं होते और आर्थिक संकेतकों में सुधार नहीं दिखता, तब तक एफपीआई का यह रुख बदलने की संभावना कम है।

# Shell ने भारत को एलएनजी आपूर्ति बढ़ाई, मार्च में बनी सबसे बड़ी सप्लायर



**नई दिल्ली,** (हि.स.)ब्रिटिश एनर्जी कंपनी शेल ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से प्रभावित सप्लाई के बीच भारत को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। उद्योग सूत्रों के अनुसार मार्च में भारतीय खाद कंपनियों की थोक एलएनजी खरीद में शेल प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरी। टेंडर के तहत 6 TBTU में से 4 TBTU की आपूर्ति कंपनी ने हासिल की। कतर से सप्लाई बाधित होने के बाद शेल ने तेजी से गैस उपलब्ध कराई और मार्च में अब तक का सबसे बड़ा मासिक एलएनजी आयात किया। गुजरात के हजीरा स्थित 50 लाख टन क्षमता वाले टर्मिनल और 65 से अधिक चार्टर्ड जहाजों के फ्लीट ने आपूर्ति सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। भारत अपनी गैस जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा आयात से पूरा करता है, जिसका उपयोग खाद, बिजली, सीएनजी और घरेलू पीएनजी में होता है। सरकार ने यूरिया उत्पादन के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# गर्मियों में कच्चा प्याज : सेहत का प्राकृतिक रक्षक



**नई दिल्ली,** (हि.स.) गर्मी के मौसम में शरीर को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है क्योंकि इस दौरान लू, डिहाइड्रेशन और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्चे प्याज का सेवन सेहत के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। बड़े-बुजुर्ग भी अक्सर सलाह देते हैं कि गर्मियों में कच्चा प्याज जरूर खाना चाहिए। प्याज में सल्फर, फाइबर, पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन B और विटामिन C जैसे कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। कच्चा प्याज शरीर को लू से बचाने में सहायक होता है और शरीर के तापमान को संतुलित रखता है, जिससे गर्मी का असर कम महसूस होता है। इसके अलावा प्याज में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज, गैस तथा अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। गर्मियों में इसका सेवन शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडक प्रदान करता है, जिससे थकान और कमजोरी कम होती है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन C रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे शरीर मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रहता है।इस तरह कच्चा प्याज गर्मियों में एक सरल, सस्ता और प्रभावी घरेलू उपाय है, जो शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है।

# रोज़ तुलसी का पानी पीने के फायदे



**नई दिल्ली,** (हि.स.)रोज़ सुबह खाली पेट तुलसी का पानी पीने से सेहत को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं। आयुर्वेद के अनुसार तुलसी के पत्तों में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इससे सर्दी, खांसी और गले की समस्याओं से राहत मिल सकती है। तुलसी का पानी पाचन तंत्र को भी सुधारता है और गैस, एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं में लाभकारी हो सकता है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करके वजन घटाने में भी सहायक माना जाता है। इसके अलावा, यह मानसिक थकान को कम करने और सांसों की दुर्गंध को दूर करने में भी मदद कर सकता है। नियमित सेवन से ओवरऑल हेल्थ बेहतर हो सकती है।

# राशिफल : 13 अप्रैल, 2026




मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9




वृष : बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9




मिथुन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8



कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9



सिंह : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9



कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9



तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढऩे के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9




वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8



धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मङ्क्षचतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी। शुभांक-3-6-9



मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8



कुम्भ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7



मीन : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# पंचांग : 13 अप्रैल, 2026

13 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र कुंभ में
मंगल मीन में
बुध मीन में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 05.49 बजे से
वृष 07.29 बजे से
मिथुन 09.27 बजे से
कर्क 11.40 बजे से
सिंह 13.56 बजे से
कन्या 16.08 बजे से
तुला 18.19 बजे से
वृश्चिक 20.34 बजे से
धनु 22.50 बजे से
मकर00.55 बजे से
कुंभ 02.41 बजे से
मीन 04.14 बजे से
सोमवार 2026 वर्ष का 103 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण तिथि एकादशी 01.09 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र धनिष्ठा 16.04 बजे को समाप्त। योग शुभ 17.17 बजे को समाप्त। करण बव 13.19 बजे तदनन्तर बालव 01.09 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 24.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 080 58
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872678
जूलियन दिन 2461143.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447

महीना सव्वाल तारीख 24

विशेष वरूथिनी एकादशी, वल्लभाचार्य जयंती, जलियाँवाला बाग दिवस।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पहले कमांडर सम्मेलन में तैयारियों की समीक्षा करेगी नौसेना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय नौसेना का साल में दो बार होने वाला प्रतिष्ठित कमांडर सम्मेलन 14 से 16 अप्रैल तक राजधानी में आयोजित किया जाएगा। नौसेना भवन में होने वाले इस सम्मेलन में राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा, क्षमता विकास और सुरक्षा लक्ष्यों के अनुरूप नौसेना के ऑपरेशनल रुख की व्यापक समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन का उद्देश्य हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका को 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के रूप में और मजबूत करना है।

**उच्चस्तरीय नेतृत्व की भागीदारी**

सम्मेलन में जनरल अनिल चौहान (सीडीएस), गृह सचिव और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान इंटर-ऑपरेबिलिटी बढ़ाने, राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने और भविष्य की समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा होगी। यह मंच राष्ट्रीय नेतृत्व और नौसेना के बीच सामरिक संवाद को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**तकनीक, एआई और आधुनिक क्षमताओं पर जोर** :नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी सम्मेलन के दौरान ऑपरेशनल कमांडरों के साथ मौजूदा भू-रणनीतिक परिस्थितियों का आकलन करेंगे। चर्चा में नीले पानी की क्षमताओं का विस्तार, प्रशिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन, सस्टेनेबल मेंटेनेंस और बिना क्रू वाले सिस्टम के प्रभावी उपयोग पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रोडमैप, डेटा-संचालित तकनीक और निर्बाध ऑपरेशन के लिए आधुनिक समाधानों पर भी विचार होगा। सम्मेलन में भारतीय समुद्री सिद्धांत के तहत निर्धारित चार प्रमुख भूमिकाओं के अनुरूप तैयारियों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने पर विशेष बल रहेगा।

-----------------

**ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों पर फोकस**: पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती बहुराष्ट्रीय गतिविधियों के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी प्राथमिकता बन गई है। ऐसे समय में नौसेना की बढ़ती तैनाती और तत्परता को देखते हुए यह सम्मेलन बेहद अहम माना जा रहा है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद नौसेना के ऑपरेशनल सिद्धांतों, इंटर-सर्विसेज तालमेल और तकनीकी प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।



# तुष्टीकरण नहीं, विकास और सुरक्षा चाहिए, पश्चिम बंगाल में परिवर्तन तय :योगी आदित्यनाथ

**बांकुड़ा/पूर्व मेदिनीपुर,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बांकुड़ा और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सोनामुखी और नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करते हुए जनता से सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

**विकास, सुरक्षा और सुशासन पर जोर**: अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब तुष्टीकरण की राजनीति से ऊब चुकी है और विकास, सुरक्षा तथा सुशासन चाहती है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में बदलाव की लहर है और लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रवाद की भूमि" बंगाल में अब 'खेला' की राजनीति समाप्त होगी और विकास का नया अध्याय शुरू होगा।



**यूपी मॉडल और ममता सरकार पर सवाल:**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां "न कर्फ्यू, न दंगा" की स्थिति है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए बांग्लादेश में दलित हिंदू की हत्या के मुद्दे पर राज्य सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है और आगामी चुनाव में इसका असर साफ दिखाई देगा।

**तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों पर हमला**: योगी ने तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार, अराजकता और गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर हुई है और आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। योगी ने जोर देकर कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की "डबल इंजन" सरकार ही कर सकती है।

# जबरन बंगाल पर कब्जा नहीं किया जा सकता : ममता बनर्जी

**बांकुड़ा,** (हि. स.)। रविवार को चुनावी प्रचार के दौरान बांकुड़ा के छातना में आयोजित जनसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इस बार वे लोग (भाजपा) जबरन बंगाल पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा कभी संभव नहीं होगा।

ममता बनर्जी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग कठिन समय में, खासकर एसआईआर के दौरान, उनके साथ नहीं खड़े रहे, उन्हें वोट न दें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पूरे देश में एक ही पार्टी का शासन स्थापित करना चाहती है। वे लोग डिलिमिटेशन बिल लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चुनौती दे रही हूं कि यह बिल के जरिए बंगाल को टुकड़ों में बांटने की साजिश की जा रही है। मुझे नहीं पता किस राज्य के साथ किस राज्य को जोड़ा जाएगा। छातना की इस सभा से ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर भी सवाल उठाए।



उन्होंने कहा, "2014 के चुनाव से पहले कहा गया था कि हर व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये आएंगे। वह पैसा कहां गया? दो करोड़ नौकरियों का वादा किया गया था, उसका क्या हुआ?"

मुख्यमंत्री ने चुनौती देते हुए कहा, "अगर मैं झूठ बोल रही हूं तो मेरे कान काट लें, मैं माफी मांगूंगी। अगर यह सच है, तो आपको जवाब देना होगा।"

ममता बनर्जी के इस बयान से चुनावी माहौल और गर्म हो गया है।

## रांची में उत्पाद सिपाही परीक्षा में पेपर लीक की आशंका, हिरासत में 150 से अधिक युवक

**रांची,** (हि.स.)। तमाड़ थाना क्षेत्र में उत्पाद सिपाही परीक्षा के दौरान पेपर लीक की आशंका पर पुलिस ने 150 से अधिक युवकों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ जारी है।

पुलिस के अनुसार, ये युवक परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी हैं, जो एक स्थान पर कथित प्रश्नपत्र लीक की चर्चा कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को थाने ले जाया ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर मौके पर पहुंचकर जांच की निगरानी कर रहे हैं। डुप्लीकेट परीक्षार्थियों को बैठाने की भी आशंका जताई गई है। फिलहाल पेपर लीक की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# तमिलनाडु चुनाव 2026: भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राजग उम्मीदवारों के लिए किया रोड शो

**भाजपा–अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम गठबंधन 27 सीटों पर लड़ रहा चुनाव**

**विरुधुनगर,** (हि.स.)।

- **23 अप्रैल को मतदान, 4 मई को आएंगे नतीजे**

--------------

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सभी प्रमुख दल अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय दौरे पर राज्य पहुंचे हैं, जिससे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनाव प्रचार को नई गति मिली है।

**रोड शो और जनसभाओं पर फोकस**: भाजपा अध्यक्ष 12 और 13 अप्रैल को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो और जनसभाएं करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह दौरा चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके जरिए मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।



**गठबंधन को मजबूत करने की कोशिश**: अपने दौरे के दौरान वे मदुरै दक्षिण और कंदरवकोट्टई विधानसभा क्षेत्रों में भी जनसभाएं करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य में 23 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि 4 मई को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में भाजपा, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ गठबंधन में 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषकों का मानना है कि यह दौरा गठबंधन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

**मदुरै से सत्तूर तक दिखा उत्साह**

मदुरै हवाई अड्डे पर पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद वे विरुधुनगर जिले के सत्तूर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान अभिनेता-राजनेता सरथकुमार की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की मुलाकात, विकास व स्वास्थ्य सेवाओं पर हुई चर्चा

**रांची,** (हि.स.)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मुलाकात की। इस दौरान डॉ. अंसारी ने इस भेंट को औपचारिक नहीं बल्कि छोटे भाई द्वारा बड़े भाई से की गई आत्मीय और भावनात्मक मुलाकात बताया।

मुलाकात के दौरान राज्य में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं, जनकल्याणकारी पहलों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने झारखंड के समग्र विकास, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और आम जनता तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



इस संबंध में डॉ. अंसारी ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी विचारधारा और लक्ष्य पूरी तरह एक हैं।

डॉ. अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन दोनों ही जनहित, न्याय और विकास के मार्ग पर अग्रसर नेता हैं, जो एक-दूसरे के पूरक हैं और देश व प्रदेश को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह केंद्रित है और किसी भी तरह की भ्रामक खबरों से प्रभावित हुए बिना विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाया जाएगा।------------

# बलरामपुर :13 साल से फरार नक्सली संगठन का सक्रिय सदस्य झारखंड से गिरफ्तार

**बलरामपुर,** (हि.स.)।

**01: झारखंड के लातेहार जिले से आरोपी की हुई गिरफ्तारी**

-------------

**02 : 2012 में अपहरण और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज**

-------------

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सामरीपाठ थाना क्षेत्र के एक बहुचर्चित मामले में 13 वर्षों से फरार चल रहे नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य और स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को झारखंड से पकड़कर न्यायालय में पेश किया।



**अपहरण के बाद गोली मारने की कोशिश**: घटना 9-10 फरवरी 2012 की है, जब नक्सलियों ने एक युवक का अपहरण कर जंगल में ले जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के कहने पर युवक को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भाग निकला।

**टीम गठित कर की गई गिरफ्तारी**: पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी झारखंड के भंडरिया क्षेत्र में छिपा है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर बलरामपुर लाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

**गंभीर धाराओं में दर्ज था मामला**: पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मुन्ना कोरवा (33) झारखंड के लातेहार जिले का निवासी है। उसके खिलाफ वर्ष 2012 में थाना सामरीपाठ में हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण और आपराधिक साजिश समेत भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मप्र के खंडवा में राज्य कर ऑफिस में लगी आग, पूरी बिल्डिंग राख

**खंडवा,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में रविवार दोपहर जिला जेल के सामने स्थित सेल्स टैक्स (राज्य कर) कार्यालय में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गई। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**दमकल की टीम ने पाया काबू**

दोपहर करीब 2 बजे स्थानीय लोगों ने आग की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीमों को बुलाया गया। करीब आधे घंटे के भीतर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक इमारत का अधिकांश हिस्सा जल चुका था।



**आग के कारणों पर संशय, जांच जारी**: प्रारंभिक जांच में आग लगने के अलग-अलग कारण सामने आ रहे हैं। कुछ लोग सूखी झाड़ियों में लगी आग के फैलने की बात कह रहे हैं, जबकि जीएसटी अधिकारियों ने शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई है। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच कर रहे हैं और नुकसान का आकलन जारी है।

**करोड़ों के दस्तावेज और सामान नष्ट**: आग की चपेट में आने से दफ्तर में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर और फर्नीचर पूरी तरह जलकर राख हो गए। यह कार्यालय जिले और संभाग स्तर पर टैक्स से जुड़े कार्यों का प्रमुख केंद्र था, जिससे प्रशासनिक कामकाज प्रभावित होने की आशंका है।


# हंगरी में संसदीय चुनाव के लिए मतदान जारी, ओर्बान और माग्यार के बीच कांटे की टक्कर




**बुडापेस्ट (हंगरी),** (हि.स.)। हंगरी में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह मतदान शुरू हो गया, जिसने न सिर्फ देश बल्कि वैश्विक भू-राजनीति में भी हलचल मचा दी है। सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 9:30 बजे) शुरू हुआ मतदान शाम सात बजे तक जारी रहेगा। इस चुनाव में लंबे समय से सत्ता पर काबिज विक्टर ओर्बान को विपक्षी नेता पीटर माग्यार से कड़ी चुनौती मिल रही है। करीब 16 वर्षों से सत्ता में बने ओर्बान के सामने इस बार मुकाबला पहले से कहीं ज्यादा कठिन माना जा रहा है। चुनावी सर्वेक्षणों में विपक्षी दल 'तिसा' के नेता माग्यार को बढ़त मिलने के संकेत हैं, जिससे मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह चुनाव अमेरिकी प्रभाव और यूरोपीय संघ की चिंताओं के बीच हो रहा है। बताया जा रहा है कि अमेरिका को आशंका है कि यदि ओर्बान सत्ता से बाहर होते हैं, तो हंगरी का झुकाव रूस की ओर बढ़ सकता है। वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस द्वारा मतदान से पहले ओर्बान के समर्थन में बयान दिए जाने से भी राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। ओर्बान लंबे समय से यूरोपीय संघ की शरणार्थी नीति के विरोधी रहे हैं और उनकी विचारधारा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के साथ जोड़ा जाता है। चुनाव प्रचार के दौरान ओर्बान ने देश की संप्रभुता, आर्थिक स्थिरता और पारिवारिक नीतियों को प्रमुख मुद्दा बनाया है। मतदान से पहले आयोजित एक रैली में ओर्बान ने कहा कि इस चुनाव में विदेशों में रह रहे हंगेरियन नागरिकों का भविष्य भी दांव पर है। उन्होंने दावा किया कि जनता एक बार फिर उन्हें मजबूत जनादेश देगी। साथ ही उन्होंने यूक्रेन को लेकर यूरोपीय संघ की वित्तीय नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इसका आर्थिक बोझ सदस्य देशों पर पड़ेगा, जिसे हंगरी स्वीकार नहीं करेगा। ऊर्जा संकट का मुद्दा उठाते हुए ओर्बान ने कहा कि सस्ती रूसी ऊर्जा की आपूर्ति बाधित होने से देश में ईंधन और यूटिलिटी खर्च बढ़ सकता है, जिससे आम जनता पर असर पड़ेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके अगले कार्यकाल में टैक्स छूट और ऋण योजनाएं जारी रहेंगी। हंगरी के इस चुनाव को यूरोप की राजनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है, जहां एक ओर ओर्बान की सत्ता वापसी दांव पर है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष बदलाव की उम्मीद लेकर मैदान में उतरा है। अब सबकी नजरें मतदान के नतीजों पर टिकी हैं, जो देश की दिशा और यूरोपीय राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं।

## बलोचिस्तान के नुश्की शहर को पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने चारों से ओर घेरा, मुस्तांग में फौज पर हमला, कई जवान मारे गए

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलोचिस्तान में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। नुश्की जिले में सुरक्षाबलों ने कड़ी घेराबंदी कर दी है, जबकि मस्तुंग और झाल मगसी समेत कई इलाकों में सशस्त्र हमलों की घटनाएं सामने आई हैं।



**मस्तुंग में सेना पर हमला, कई जवान हताहत:** बलोचिस्तान के मस्तुंग इलाके में सशस्त्र लोगों ने पाकिस्तान सेना के काफिले पर हमला कर दिया। क्वेटा से सटे कंबेला क्षेत्र में पहले राजमार्ग को अवरुद्ध किया गया और फिर सेना के गुजरने पर गोलीबारी की गई। इस हमले में कई जवानों के मारे जाने और घायल होने की सूचना है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

**नुश्की में कड़ी घेराबंदी और आवाजाही बंद:** सुरक्षाबलों ने नुश्की शहर को चारों ओर से घेर लिया है। शहर के सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर भारी नाकाबंदी कर दी गई है, जिससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। आसमान में सेना के विमान लगातार निगरानी कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। चोरी-छुपे बाहर निकलने की कोशिश करने वालों पर गोलीबारी की भी खबरें हैं।

**अलगाववादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता:** झाल मगसी जिले में सशस्त्र लोगों ने लेवीज फोर्स की दो चौकियों पर कब्जा कर हथियार और वाहन लूट लिए। वहीं, बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने एम-8 राजमार्ग को अवरुद्ध कर कई घंटों तक नियंत्रण में रखने का दावा किया है। संगठन ने तकनीकी हमलों के जरिए सेना की निगरानी प्रणाली को भी नुकसान पहुंचाने की बात कही है। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्पष्ट है कि बलोचिस्तान में सुरक्षा स्थिति गंभीर बनी हुई है। सुरक्षाबलों और सशस्त्र संगठनों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है, जिससे आम नागरिकों की स्थिति और अधिक कठिन होती जा रही है।

**कादिरबाद में घेराबंदी और युवकों की हिरासत:** नुश्की के कादिरबाद गांव में सुरक्षाबलों ने घंटों तक घेराबंदी की। इस दौरान गोलीबारी की आवाजें भी सुनी गईं। ग्रामीणों के अनुसार, दो युवकों—आबिद मेंगल और ताहिर खान—को हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

**बाजार बंद, भारी संख्या में जवान तैनात:** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नुश्की बाजार, गाजियाबाद, ग्रेड स्टेशन और गरीबाबाद समेत कई इलाकों में सुरक्षाबलों के सैकड़ों जवान तैनात किए गए हैं। पूरे शहर में सन्नाटा पसरा हुआ है और सभी व्यापारिक गतिविधियां बंद कर दी गई हैं। लोगों में भय और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

## बांग्लादेश में हिंसा : धर्मगुरु की हत्या, हिंदू समुदाय पर भीड़ का हमला

**बांग्लादेश,** (हि.स.)। बांग्लादेश में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं ने सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा दिया। पश्चिमी क्षेत्र कुश्तिया और उत्तर-पश्चिमी रंगपुर में भीड़ हिंसा की घटनाएं सामने आईं, जिनमें एक मुस्लिम धर्मगुरु की हत्या कर दी गई, जबकि हिंदू समुदाय की संपत्तियों को निशाना बनाया गया।

**रंगपुर में हिंदू घरों और दुकानों पर हमला:** रंगपुर में एक मुस्लिम युवक की हत्या के बाद गुस्साई भीड़ ने कई हिंदू घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की। यह इलाका ढाका से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित है। दासपारा मार्केट में 100 से अधिक हिंदू परिवार रहते हैं, जो इस हमले से




प्रभावित हुए।

**हत्या के मामले से ध्यान भटकाने की आशंका:** पुलिस के अनुसार, रकीब हसन की हत्या के पीछे निजी विवाद था और इसमें हिंदू समुदाय की कोई भूमिका नहीं थी। आशंका जताई जा रही है कि 'तीसरे पक्ष' ने जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने और असली घटना से ध्यान हटाने के लिए यह हमला कराया।

**कुश्तिया में धर्मगुरु की हत्या** दूसरी घटना कुश्तिया में हुई, जहां इस्लाम की कथित बेअदबी के आरोप में स्कूल शिक्षक और आध्यात्मिक गुरु शमीम रजा जहांगीर की भीड़ ने हत्या कर दी। हमलावरों ने उनके धार्मिक स्थल में आग लगा दी और उनके कई अनुयायियों को घायल कर दिया।

**पुलिस जांच जारी:** रंगपुर के पुलिस कमिश्नर मोहम्मद माजिद अली ने कहा कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

इन घटनाओं ने एक बार फिर बांग्लादेश में सांप्रदायिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## इस्लामाबाद वार्ता विफल, ईरान से अमेरिका का नहीं हो सका समझौता, उपराष्ट्रपति वेंस स्वदेश रवाना

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई बहुप्रतीक्षित शांति वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। करीब 21 घंटे तक चली इस मैराथन बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान से स्वदेश लौट गए।

**लंबी बातचीत के बाद भी नहीं निकला हल:** वार्ता के बाद संवाददाता सम्मेलन में वेंस ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच गंभीर और विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने अपने रणनीतिक लक्ष्य और शर्तें स्पष्ट रूप से सामने रखी थीं, फिर भी ईरान ने उन्हें स्वीकार नहीं किया।



**परमाणु कार्यक्रम बना मुख्य विवाद:** वेंस ने संकेत दिया कि वार्ता की सबसे बड़ी बाधा ईरान का परमाणु कार्यक्रम रहा। अमेरिका चाहता था कि ईरान स्पष्ट और ठोस आश्वासन दे कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और न ही ऐसे संसाधन जुटाएगा जिससे वह तेजी से परमाणु क्षमता हासिल कर सके।

**पाकिस्तान की मध्यस्थता की सराहना:** वेंस ने पाकिस्तान की मध्यस्थ भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर को बेहतरीन मेजबान बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने दोनों पक्षों के बीच दूरी कम करने की पूरी कोशिश की।

**ईरान ने भी बातचीत को बताया अहम** वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा कि वार्ता के दौरान कई अहम मुद्दों—होर्मुज जलडमरूमध्य, प्रतिबंध हटाने और युद्ध समाप्ति—पर चर्चा हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी।

## आशा भोंसले के दर्जनों नेपाली कालजयी गीत आज भी लोकप्रियता के शिखर पर

**काठमांडू,** (हि.स.)। भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले ने न केवल हिंदी बल्कि नेपाली संगीत में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। भाषा की सीमाओं को पार करते हुए उन्होंने कई नेपाली गीतों को अपनी आवाज़ दी, जो आज भी श्रोताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं।



**गायकी की बहुमुखी प्रतिभा** आशा भोसले ने लोकधुन, आधुनिक और भावपूर्ण गीतों में अपनी आवाज़ दी। उनकी गायकी में मिठास और गहराई का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यही वजह है कि उनकी आवाज़ हर पीढ़ी को समान रूप से आकर्षित करती है और नेपाली संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह रखती है।

**लोकप्रिय गीत और सांस्कृतिक सेतु:** उनके प्रसिद्ध नेपाली गीतों में "गैरी खेतको सिरै हानी", "मोहनी लाग्ला है", "उकाली ओराली गर्दै" और "चिसो चिसो हावामा" जैसे गीत शामिल हैं। ये गीत आज भी रेडियो, टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुने जाते हैं। आशा भोसले का योगदान भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जाता है।

**80-90 के दशक में मजबूत उपस्थिति:** नेपाली फिल्म और संगीत उद्योग में 80 और 90 के दशक के दौरान आशा भोसले का प्रभाव काफी मजबूत रहा। उन्होंने नारायण गोपाल, रंजीत गजमेर और शम्भुजीत बास्कोटा जैसे दिग्गजों के साथ काम किया। इसके अलावा कुमार सानू, उदित नारायण और सोनू निगम के साथ भी उन्होंने नेपाली गीत गाकर संगीत को नई ऊंचाई दी।

## ईरान के खिलाफ अभियान जारी, 400 किलोग्राम यूरेनियम पर जताई चिंता : बेंजामिन नेतन्याहू

### नेतन्याहू के अनुसार, ईरान परमाणु हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच चुका था



**तेल अवीव,** (हि.स.)।, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को जारी एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि यह अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और इजरायल को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगे भी कदम उठाने होंगे। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को काफी हद तक विफल किया है, लेकिन खतरा अभी भी बना हुआ है।

**परमाणु खतरे को बताया मुख्य कारण:** नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने यह अभियान इसलिए शुरू किया क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया था। उनके अनुसार, ईरान तेजी से मिसाइल निर्माण की क्षमता भी बढ़ा रहा था, जो इजरायल की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका था। उन्होंने इसे देश की सुरक्षा के लिए "अस्वीकार्य स्थिति" बताया।

**आगे भी जारी रह सकता है अभियान:** अपने संदेश में नेतन्याहू ने संकेत दिया कि इजरायल भविष्य में भी ईरान के खिलाफ कार्रवाई जारी रख सकता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सभी विकल्प खुले रखे जाएंगे।

**खामेनेई की रणनीति पर आरोप:** इजरायली प्रधानमंत्री ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई पर आरोप लगाया कि वे परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को जमीन के भीतर गहराई में छिपाने की योजना बना रहे थे। उनका कहना था कि इस तरह की व्यवस्था से अंतरराष्ट्रीय निगरानी और सैन्य कार्रवाई दोनों को मुश्किल बनाया जा सकता था।

**400 किलोग्राम यूरेनियम पर चिंता;** नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान के पास अभी भी 400 किलोग्राम से अधिक संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। उन्होंने इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। उनका कहना था कि इस यूरेनियम को हटाना बेहद जरूरी है, चाहे इसके लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाए या फिर कठोर कदम उठाने पड़ें।

**01: भूमिगत ठिकानों में परमाणु गतिविधियां छिपाने की बात कही गई।**

**02 : ईरान के पास 400 किलोग्राम से अधिक संवर्धित यूरेनियम होने का दावा।**

**03 : इस यूरेनियम को वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया गया।**

## ईरान-अमेरिका वार्ता फेल, डोनाल्ड ट्रंप की चीन को चेतावनी



ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता विफल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय तनाव और बढ़ गया है। करीब 21 घंटे तक चली इस वार्ता में दोनों पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े रहे। ईरान ने अपनी जब्त संपत्तियों की रिहाई और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल करने की मांग रखी, जबकि अमेरिका ने परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की शर्त दोहराई।

इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान देते हुए चीन पर आरोप लगाया कि वह ईरान को हवाई रक्षा प्रणाली देने की तैयारी कर रहा है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ऐसा कदम चीन के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टकराव और बढ़ा, तो स्थिति यूक्रेन जैसी लंबी लड़ाई में बदल सकती है, जिसका असर वैश्विक सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।



# आईपीएल 2026 : रदरफोर्ड की नाबाद 71 रन की पारी बेकार, आरसीबी ने मुंबई को 18 रन से हराया

**मुंबई,** (हि.स.)। आईपीएल 2026 के एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 18 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में आरसीबी की संतुलित गेंदबाजी ने मुंबई के बड़े लक्ष्य के पीछा करने के प्रयास को रोक दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 240/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से फिल साल्ट ने 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि रजत पाटीदार ने 53 रन बनाए। इसके अलावा विराट कोहली ने भी अर्धशतक जड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

241 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी रही। रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और पावरप्ले में 62 रन जोड़े। हालांकि, छठे ओवर में रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, जो टीम के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। मध्यक्रम में शेरफेन रदरफोर्ड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाए और मैच को रोमांचक बना दिया। उन्होंने मिचेल सेंटनर के साथ 68 रनों की साझेदारी भी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

आरसीबी की ओर से क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने कसी हुई गेंदबाजी कर मुंबई को 20 ओवर में 222/5 पर रोक दिया।

इस जीत के साथ आरसीबी ने चार मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की और 6 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई इंडियंस को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है।

# अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम तैयार, 13 अप्रैल को पहला मुकाबला

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। भारतीय महिला हॉकी टीम चार मैचों की अहम सीरीज़ के लिए अर्जेंटीना पहुंच चुकी है। 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में खेले जाने वाले इन मुकाबलों में भारतीय टीम विश्व की मजबूत टीमों में शामिल अर्जेंटीना से भिड़ेगी। हालिया प्रदर्शन को देखते हुए यह दौरा टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**नवनीत कौर के नेतृत्व में नई रणनीति :** कप्तान सलीमा टेटे की गैरमौजूदगी में अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की कप्तानी करेंगी। हाल ही में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर' का खिताब जीत चुकी नवनीत से टीम को काफी उम्मीदें हैं। वहीं अनुभवी गोलकीपर सविता की वापसी टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी।

**कड़े अभ्यास के साथ टीम तैयार:**

दौरे से पहले टीम ने बेंगलुरु में गहन प्रशिक्षण शिविर लगाया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर्स 2026 में उपविजेता रहने के बाद भारतीय टीम अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। टीम प्रबंधन इस दौरे को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के रूप में देख रहा है।



**डिफेंस और मिडफील्ड में संतुलन :** डिफेंस की जिम्मेदारी निक्की प्रधान और सुशीला चानू संभालेंगी। इनके साथ इशिका चौधरी, मनीषा चौहान, ज्योति और उदिता टीम को मजबूती देंगी। वहीं मिडफील्ड में नेहा, वैष्णवी फालके और सुनेलिता टोप्पो के साथ युवा खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। साक्षी राणा, ऋतुजा पिसाल और दीपिका सोरेंग जैसे खिलाड़ी अपनी जगह पक्की करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**मण में अनुभव और आक्रामकता :** आक्रमण की कमान नवनीत कौर के साथ लालरेमसियामी संभालेंगी। इसके अलावा बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान टीम को अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेंगी। मुमताज की वापसी से भारतीय आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुख्य कोच स्जोर्ड मारिजने ने कहा कि यह दौरा टीम संयोजन और प्रदर्शन को परखने का अच्छा अवसर है, जहां खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का पूरा मौका मिलेगा।

# एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 : आयुष शेट्टी ने रचा इतिहास, फाइनल में हार के बावजूद जीता सिल्वर

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। चीन में आयोजित बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के मेंस सिंगल्स फाइनल में भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। 20 वर्षीय शेट्टी खिताबी मुकाबले में चीन के विश्व चैंपियन शी यूकी के खिलाफ उतरे, जहां उन्हें सीधे सेटों में हार झेलनी पड़ी और सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।



करीब 42 मिनट तक चले इस मुकाबले में शी यूकी का दबदबा साफ देखने को मिला। पहले सेट में उन्होंने आयुष को संभलने का मौका नहीं दिया और 21-8 से आसानी से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ी ने बेहतर शुरुआत की और कुछ समय तक मुकाबले में बने भी रहे, लेकिन अनुभव के दम पर शी यूकी ने वापसी करते हुए 21-10 से सेट और मैच अपने नाम कर लिया।

हालांकि परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा, लेकिन आयुष शेट्टी की यह उपलब्धि भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक है। वह लगभग 60 वर्षों में पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स फाइनल में पहुंचकर पदक जीता। उनसे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। इस प्रदर्शन ने आयुष को भविष्य का बड़ा सितारा साबित कर दिया है।

# स्लो ओवर रेट के चलते सीएसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नियमों के तहत की गई।



**स्लो ओवर रेट पर कार्रवाई** आईपीएल के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे नहीं किए। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह सीजन का पहला उल्लंघन था, इसलिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

**सैमसन की तूफानी पारी से बड़ा स्कोर :** मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 212 रन बनाए। टीम के लिए संजू सैमसन ने नाबाद 115 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा आयुष म्हात्रे ने 59 रन और शिवम दुबे ने तेज नाबाद 20 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

**दिल्ली की कोशिश रही नाकाम**

213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 189 रन ही बना सकी। टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स (60), पथुम निसंका (41) और केएल राहुल (18) ने योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। अगला मुकाबला केकेआर से इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स ने सीजन की पहली जीत दर्ज की। अब टीम का अगला मुकाबला 14 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला जाएगा।

# अंपायर से उलझने पर डीसी के बल्लेबाज नीतीश राणा पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। नीतीश राणा को अंपायर के साथ बहस करना महंगा पड़ गया। दिल्ली कैपिटल्स के इस बल्लेबाज पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है।

**अंपायर से बहस बना कारण**

यह घटना चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के 19वें ओवर में हुई, जब ट्रिस्टन स्टब्स को ग्लव्स बदलने की अनुमति नहीं मिली। इस फैसले से नाराज राणा डगआउट से ही चौथे अंपायर से उलझ पड़े। स्टब्स उस समय 60 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन इसी ओवर में उनका विकेट गिर गया।



**आईपीएल ने दी सजा :** इंडियन प्रीमियर लीग के अनुसार राणा ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान अपशब्दों के इस्तेमाल से जुड़ा है। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी का फैसला मान लिया।

**सैमसन की शानदार शतकीय पारी :** मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में 212 रन बनाए। संजू सैमसन ने नाबाद 115 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि आयुष म्हात्रे (59) और शिवम दुबे (20*) ने अहम योगदान दिया।

**दिल्ली की कोशिश रही नाकाम**

213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली 189 रन ही बना सकी। स्टब्स (60) और पथुम निसंका (41) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम को 23 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब दिल्ली का अगला मुकाबला 18 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।